●वर्ष : 16 ●अंक : 290 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

बुधवार 12 फरवरी 2025

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

## समाचार

### मानव सेवा ही समाज सेवा है, जन्मदिन पर दान देकर कायम किया उदाहरण

**गुजरात।** शाम जतिनभाई पटेल और निधि जतिनभाई पटेल गुजरात के जाने-माने उद्योगपति और १९६७ से सेवाकर्मी श्री मगनभाई पटेल के पोते-पोती हैं। अपने दादा मगनभाई पटेल की तरह वे भी कई वर्षों से समाज सेवा के कार्यों में लगे हुए हैं। गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से बी.ई. मैकेनिकल इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी डिस्टिंक्शन के साथ स्नातक करनेवाले शाम जतिनभाई पटेल वर्तमान में अमेरिका के एक शीर्ष कॉलेज में दाखिला लेने के बाद वित्त और विपणन प्रबंधन में मास्टर डिग्री के लिए अध्ययन कर रहे हैं। जबकि निधि जतिनभाई पटेलने जी.टी.यू. से ६९% अंकों के साथ बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर की परीक्षा पास की और अहमदाबाद में जानेमाने आर्किटेक्ट के कार्यालय में ६ महीने का अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने भारत सरकार के काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर से लाइसेंस प्राप्त कर के अपने प्रोजेक्ट से करीब १,५०,०००रुपए की धनराशि अर्जित की और उसे दान के लिए दादा मगनभाई पटेल के पास छोड़ दि। वर्तमान में वह अमेरिका के एक शीर्ष विश्वविद्यालय में मास्टर ऑफ आर्किटेक्चर की पढ़ाई कर रही हैं। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि दादा मगनभाई पटेल इन दोनों भाई-बहनों को हर महीने दस-दस हजार रुपये पॉकेट मनी के रूप में देते थे, जिसे ये दोनों बचाकर अपने जन्मदिन पर इकट्ठी हुई राशि को धर्मार्थ कार्यों के लिए दान करते रहते है। वर्ष २०१४ से २०२५ तक पिछले ११ वर्षों में इन दोनों भाई-बहनोंने अपने दादाजी से मिले पॉकेट मनी में से १५ लाख रुपए से अधिक की राशि शिक्षा, स्वास्थ्य एव शारीरिक व मानसिक रूप से विकलांगों और दिव्यांग लोगो के लिए दान कर दी है और आज भी कर रहे हैं। देश के युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से हम इन दोनों भाई-बहनों के सेवा कार्यों के कुछ अंश हम आपके सामने प्रस्तुत कर रहे हैं। पिछले ११ वर्षों से यानी २०१४ से २०२५ तक दोनों भाई-बहन अपने जन्मदिन को अपने परिवार के सदस्यों के साथ बहुत ही सादगी से मनाते आ रहे हैं। साथ ही, वे अपने जन्मदिन पर होने वाले खर्च में भी मितव्ययिता बरतते रहे हैं और बचाई गई राशि को सामाजिक संस्थाओं को दान करते रहते हैं। इन दोनों भाई-बहनों के पिता जतिनभाई मगनभाई पटेल,जिनके पास वर्ष १९९४ से अमेरिकी नागरिकता होने के बावजूद आज करीब ३० साल से भारत में अपने पिता मगनभाई पटेल और माता शांताबेन मगनभाई पटेल के साथ सेवाकार्यों में जुटे हैं।

# पंजाब के विधायकों के साथ हुई बैठक

## पंजाब बचाने की चुनौती से कैसे निपटेंगे केजरीवाल?

नूना न्यूज एजेंसी।



**दिल्ली।** विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी की करारी हार के बाद 'दिल्ली मॉडल' पर सवाल खड़े हो गए हैं। यह मॉडल केजरीवाल की दिल्ली की सत्ता बचाने में नाकाम साबित हुआ है, ऐसे में अब इस मॉडल के सहारे पार्टी दूसरे राज्यों में वोट भी नहीं मांग सकेगी। अब पार्टी को एक दूसरे जिताऊ मॉडल की जरूरत है। केजरीवाल की यह जरूरत पंजाब में पूरी हो सकती है जहां फिलहाल उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती पंजाब की सरकार बचाने की है। पंजाब के विधायकों के साथ हुई बैठक में अरविंद केजरीवाल ने भगवंत मान सरकार को वही मंत्र दिया है जिसके सहारे पार्टी की लोकप्रियता को न केवल बढ़ाया जा सके, बल्कि अगले चुनावों में सरकार की वापसी की राह भी तैयार की जा सके। पार्टी सूत्रों के अनुसार, अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के विधायकों-मंत्रियों को जनता की सेवा में पूरी ताकत के साथ जुटने का मंत्र दिया है। इसके साथ ही उन वादों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश भी दिया गया है जिसे करके पार्टी पंजाब में सत्ता में आई थी। इसका सीधा अर्थ यह है कि पंजाब सरकार अब जल्द ही महिलाओं को एक-एक हजार रुपये देने की योजना पर मुहर लगा सकती है। इसे ज्यादा आकर्षक बनाने के लिए दूसरे राज्यों में इसी तरह की योजनाओं को देखते हुए इस सम्मान राशि को बढ़ाया भी जा सकता है। इसके अलावा दलित छात्रों के लिए विशेष योजनाओं, महिलाओं और युवाओं को जल्द से जल्द बेहतर योजनाओं का लाभ देने की कोशिश की जा सकती है। दरअसल, दिल्ली की हार के बाद कांग्रेस और भाजपा पंजाब को लेकर हमलावर हो गए हैं। पंजाब में कानून-व्यवस्था को लेकर भगवंत मान पर लगातार निशाना साधा जा रहा है। अरविंद केजरीवाल जानते हैं कि यदि सरकार कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने में असफल रहती है तो आगामी पंजाब विधानसभा चुनावों में कांग्रेस-भाजपा इसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश कर सकते हैं। यही कारण है कि अब जनता की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए काम करने के लिए कहा गया है।

### बदलाव की बात बेबुनियाद- आप

आम आदमी पार्टी नेता संजीव कौशिक ने अमर उजाला से कहा कि पंजाब में बदलाव की बात बेबुनियाद है। यह अफवाह उड़ाकर कांग्रेस पंजाब में बढ़त हासिल करना चाहती है, लेकिन उनके सभी विधायक-मंत्री उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं-बच्चों के लिए बेहतर सुविधा देना ही आम आदमी पार्टी की राजनीति का मूल मंत्र रहा है, आज की बैठक में भी अरविंद केजरीवाल ने विधायकों को सेवा करके जनता के करीब जाने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के बारे में अफवाह फैलाकर कांग्रेस और भाजपा को कुछ भी हासिल नहीं होने जा रहा है। वे लगातार दूसरी बार भी सत्ता में आने में कामयाब रहेंगे।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### अवैध प्रवासियों की बेहूदा तरीके से वापसी जुड़े सवाल

डंकी रूट यानी गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गये करीब 200 भारतीयों को राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जिस असुविधा एवं अपमानजनक तरीके से अपने सैनिक विमान से बलपूर्वक भारत भेजा है, उससे अनेक प्रश्न खड़े हुए हैं। बेहतर भविष्य की तलाश में आए अवैध प्रवासियों को बेहूदा तरीके से खदेड़ा जाना विडम्बनापूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मानव अधिकारों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई की है, उस पर अनेक देशों ने आपत्ति जताई है। भले ही भारत ने इसे मुद्दा बनाने से परहेज करते हुए राजनीतिक कूटनीति की दृष्टि से ठीक किया हो, लेकिन भारत लौटे अप्रवासियों की चिन्ता एवं दर्द को समझना भारत-सरकार की प्राथमिकता बननी चाहिए। सुनहरे सपनों की आस में जीवनभर की पूंजी दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये लुटाकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता एवं विदेश नीति की नाकामी तो है ही, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ ऐसा व्यवहार अमेरिका के अहंकारी एवं संकीर्णतावादी सोच को भी दर्शा रहा है। अवैध प्रवासियों की उचित तरीकों से पहचान कर उन्हें उनके देशों को वापस भेजा जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भारत का इस मामले में शुरू से सहयोगात्मक रुख रहा है। लेकिन एक जायज सवाल वापसी के तौर-तरीके को लेकर उठना असंगत नहीं कहा जा सकता है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई अवैध प्रवासी भारतीयों की निर्वासन उड़ान विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने के प्रयास को गलत नहीं कहा जा सकता। गलत तरीकों से अमेरिका में आये लोगों को उनके देश का रास्ता दिखाना भी गलत नहीं कहा जासकता, लेकिन जिस तौर-तरीके से यह कार्रवाई की गयी है।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## भक्त चरण दास को बड़ी जिम्मेदारी, ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नियुक्त

नूना न्यूज एजेंसी।



**ओडिशा।** कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को भक्त चरण दास को तत्काल प्रभाव से ओडिशा प्रदेश कांग्रेस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई।

**दास ने पार्टी नेताओं का जताया आभार**

वहीं, भक्ति चरण दास ने अपनी नियुक्ति को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, पार्टी नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी का आभार जताया और भरोसा दिलाया कि वह पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए सभी के साथ मिलकर काम करेंगे। ओडिशा कांग्रेस प्रमुख का पद शरद पटनायक के इस्तीफे के बाद खाली हुआ, जिन्होंने 2024 के चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद यह पद छोड़ा था।

**कौन हैं भक्त चरण दास**

दास ने कानून में स्नातक की डिग्री हासिल की है और राजनीति में आने से पहले उन्होंने एक वकील के रूप में काम किया। उन्होंने मानवाधिकार, अधिकारों और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्रों में काम किया। वह 9वीं, 11वीं और 15 वीं लोकसभा के सदस्य रहे और अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के प्रवक्ता और महासचिव भी रहे हैं। इसके अलावा, वे 1989 से 1990 तक युवा मामले और खेल मंत्रालय में उप मंत्री और 1990 से 1991 तक केंद्रीय राज्य मंत्री भी रहे।

## दिल्ली में आपके पास कितने विधायक? भगवंत मान ने कांग्रेस पर किया पलटवार

नूना न्यूज एजेंसी।



**पंजाब।** के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को कांग्रेस नेता और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा के आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई में दरार के दावों पर कटाक्ष किया और पूछा कि दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के कितने विधायक हैं। उन्होंने पंजाब में कानून-व्यवस्था की आलोचना के लिए भी बाजवा की आलोचना की और कहा कि स्थिति अधिकांश राज्यों से बेहतर है। मान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं प्रताप सिंह बाजवा से पूछूंगा कि दिल्ली में उनके कितने विधायक हैं। मान ने कहा कि पाला बदलना कांग्रेस की संस्कृति है; वे दूसरों के बारे में बात करते हैं लेकिन अपनी चिंता नहीं करते। इसके साथ ही मान ने कहा कि पंजाब की कानून-व्यवस्था ज्यादातर राज्यों से बेहतर है। सीमावर्ती राज्य होने के कारण हमें अतिरिक्त प्रयास करने होंगे और हम वह कर रहे हैं। कांग्रेस की पंजाब इकाई के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने हाल में दावा किया था कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के 30 से अधिक विधायक उनकी पार्टी के संपर्क में हैं और पाला बदल सकते हैं। बाजवा ने कहा था कि इन विधायकों को एहसास हो गया है कि आप के साथ रहना लंबे समय में राजनीतिक रूप से फायदेमंद नहीं हो सकता। कांग्रेस नेता के दावों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री मान ने कहा, बाजवा यह बात कहते रहे हैं। उन्हें हमारे विधायकों की गिनती नहीं करनी चाहिए बल्कि यह देखना चाहिए कि दिल्ली में कांग्रेस के कितने विधायक हैं। मान ने कहा कि आप नेता बिना किसी लालच के समर्पित नेता हैं। मुख्यमंत्री मान आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली के कपूरथला हाउस में पंजाब के मंत्रियों और विधायकों के साथ बैठक किए जाने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। यह बैठक दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप की हार के बाद हुई, जिससे इसकी पंजाब इकाई में अस्थिरता की अटकलें तेज हो गईं।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए केंद्र को 33 दिन का समय दिया



नूना न्यूज एजेंसी।

**महाकुंभ नगर।** ज्योतिष पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने देश में गो हत्या पर प्रतिबंध लगाने और गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने पर निर्णय लेने के लिए केंद्र सरकार को 33 दिनों का समय दिया। यहां शंकराचार्य शिविर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए जगद्गुरु शंकराचार्य ने कहा, शास्त्रों में उल्लेख है कि गाय के शरीर में 33 कोटि देवी देवताओं का वास है। हम पिछले डेढ़ साल से गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए आंदोलन चला रहे हैं। अब हमने निर्णय किया है कि माघी पूर्णिमा के अगले दिन (बृहस्पतिवार) से हम 33 दिनों की यात्रा निकालेंगे।

उन्होंने कहा, यह 33 दिन की यात्रा 17 मार्च को दिल्ली जाकर पूर्ण होगी। केंद्र सरकार के पास निर्णय करने के लिए 33 दिनों का समय है। यदि वह इन 33 दिनों में कोई निर्णय नहीं करती तो हम 17 मार्च को शाम पांच बजे के बाद कोई कड़ा निर्णय करेंगे। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, हमारी सरकार से मांग है कि गाय को पशु की श्रेणी से हटाकर राष्ट्र माता घोषित किया जाए और गोहत्या को अपराध माना जाए। प्रदेश सरकार स्कूलों के पाठ्यक्रम में गाय को शामिल करने जा रही है। लेकिन वहां भी अगर गाय को पशु बताया जाता है तो इसका क्या लाभ।

## मणिपुरः इंफाल और तेंगनौपाल जिलों में सुरक्षा बलों ने नौ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया

नूना न्यूज एजेंसी।



**मणिपुर।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम और तेंगनौपाल जिलों से नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के दो उग्रवादियों को सोमवार को इंफाल पश्चिम जिले के रूपमहल टैंक इलाके से गिरफ्तार किया गया। वे रूपमहल टैंक क्षेत्र में जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल थे। एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (कोइरेंग) और पीआरईपीएके के दो उग्रवादियों को रविवार को तेंगनौपाल जिले से गिरफ्तार किया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम और तेंगनौपाल जिलों से नौ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को इंफाल पश्चिम के रूपमहल टैंक क्षेत्र से प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (अपुनबा) के दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। हिरासत में लिए गए व्यक्ति कथित तौर पर क्षेत्र में जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल थे। सुरक्षा बलों ने रविवार को गिरफ्तार पांच आतंकवादियों के पास से एक एलएमजी, एक एसएलआर, दो इंसास राइफल और एक एके 47 राइफल के साथ-साथ 14 मैगजीन, गोला-बारूद और अन्य सामान जब्त किया। पुलिस ने रविवार को चुराचांदपुर जिले के कांवपुई इलाके से हथियारों की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक कोल्ट 7.65 एमएम ऑटो पिस्तौल और 9 एमएम पिस्तौल (देशी), मैगजीन, 16 अलग प्रकार के गोला-बारूद और अन्य सामान जब्त किया गया।

एक अलग अभियान में, सुरक्षा बलों ने रविवार को प्रतिबंधित संगठनों यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (कोइरेंग) और ढफ्एढअड से जुड़े दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। उग्रवादियों को टेंग्नौपाल जिले में सीमा स्तंभ 85 के पास से गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा, सुरक्षा बलों ने रविवार को तेंगनौपाल जिले के एल मिनौ रिजलाइन क्षेत्र से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया। ये आतंकवादी केसीपी (तैबांगम्बा) गुट का हिस्सा थे। इसी अभियान के दौरान, अधिकारियों ने पांच आतंकवादियों से हथियारों का एक बड़ा जखीरा जब्त किया, जिसमें एक लाइट मशीन गन (एलएमजी), एक सेल्फ-लोडिंग राइफल (एसएलआर), दो इंसास राइफल और एक एके-47 राइफल के साथ-साथ 14 मैगजीन, गोला-बारूद और अन्य सामग्री शामिल है।

## बजट पर चर्चा के दौरान अखिलेश यादव का भाजपा पर जोरदार हमला

**दिल्ली।** लोकसभा में बोलते हुए, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि वह विपक्ष में अपने सहयोगियों की तरह केंद्रीय बजट के खिलाफ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट एक लक्षित बजट है, यह बजट उन लोगों के लिए केंद्रित है जो बहुत अमीर हैं, बड़े लोग हैं, उद्योगपति हैं। यह बजट उनके लिए बनाया गया है। मुझे इसमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का कोई रोडमैप नजर नहीं आता और रोडमैप इसलिए नजर नहीं आता क्योंकि बजट आते ही हमने वो तस्वीरें देखीं। सपा नेता ने सवाल करते हुए कहा कि क्या इस देश के लिए 10 बजट सिर्फ इसलिए बनाए गए थे कि जब 11वां बजट आएगा तो पूरा देश और पूरी दुनिया देखेगी कि भारत के लोगों को हथकड़ी लगाकर वापस भेज दिया गया। वहीं, कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने केंद्रीय बजट के कई पहलुओं को लेकर सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इस सरकार ने भारत की आने पीढ़ियों पर भी कर्ज का बोझ लाद दिया है। उन्होंने लोकसभा में बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि दुनिया में कई आर्थिक विचार रहे जो परिवर्तनकारी साबित हुए, लेकिन इस सरकार का सबसे बड़ा विचार नोटबंदी अपने एक भी उद्देश्य को पूरा नहीं कर सका। तिवारी के अनुसार, आज भारतीय अर्थव्यवस्था में नकदी का चलन 35.99 लाख करोड़ रुपये है, जबकि नोटबंदी के समय यह राशि 16 लाख करोड़ रुपये से अधिक ही थी। कांग्रेस सांसद ने कहा कि वर्ष 2024-25 में वित्तीय घाटे में मामूली कमी आई है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने बहुत ही चतुराई से वित्तीय घाटे के मापने के तरीके को बदल दिया। उन्होंने सदन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मौजूद नहीं होने पर सवाल उठाया और दावा किया कि यह सदन की परंपरा के अनुरूप नहीं है। इस पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि वित्त मंत्री राज्यसभा में हैं।

## राष्ट्रपति ने की यूनानी चिकित्सा पद्धति की सराहना, कहा- दवा उत्पादन के मामले में भारत अग्रणी

नूना न्यूज एजेंसी।



**नई दिल्ली।** में यूनानी दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एकीकृत स्वास्थ्य समाधान के लिए यूनानी चिकित्सा में नवाचारः एक नई दिशा पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन हकीम अजमल खान को याद करने का अवसर है। उनके सम्मान में 2016 से इस दिन को यूनानी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हकीम अजमल खान ने भारत में यूनानी चिकित्सा पद्धति का प्रसार किया। उन्होंने नवाचार के कई उदाहरण प्रस्तुत किए। उनके प्रयासों के कारण भारत में यूनानी चिकित्सा पद्धति को व्यापक रूप से अपनाया गया। राष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत शिक्षा, शोध, स्वास्थ्य सेवा और यूनानी पद्धति में दवाओं के निर्माण के मामले में दुनिया में अग्रणी है। उन्होंने खुशी जताई कि यूनानी पद्धति से जुड़े शोधकर्ता, चिकित्सक आधुनिक पद्धतियों और प्रौद्योगिकी के उपयोगी आयामों को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि सम्मेलन में यूनानी चिकित्सा में साक्ष्य आधारित आधुनिक शोध प्रवृत्तियों और आयुष/पारंपरिक चिकित्सा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग का उपयोगः संभावनाएं और चुनौतियां जैसे समकालीन विषयों पर चर्चा होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश ने स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। विभिन्न चिकित्सा प्रणालियों को उचित सम्मान देकर उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के अनुसार यूनानी सहित आयुष चिकित्सा प्रणालियों को मुख्यधारा में लाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय चिकित्सा प्रणाली के लिए बने राष्ट्रीय आयोग के निर्देशन में यूनानी चिकित्सा के अनेक शिक्षण संस्थानों में अध्ययन और शोध कार्य चल रहा है। यूनानी मेडिकल कॉलेजों में एमडी और पीएचडी कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यूनानी चिकित्सा विज्ञान को आगे बढ़ाने वाली नई पीढ़ियां ज्ञान और अनुभव की प्राचीन विरासत को मजबूत बनाएंगी।

# केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कांफ्रेंसिंस से ली महत्वपूर्ण बैठक

**दिल्ली।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के घटकों में किसानों के लिए बड़े परिवर्तन, एनएफएसएम का नाम बदलकर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन किया मिशन के संशोधित दिशा-निदेर्शों में किसानों व बीज उत्पादकों के लिए बढ़ाई सब्सिडी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आला अफसरों को दिए निर्देश स्कीम का लाभ सिर्फ किसानों को मिलना सुनिश्चित किया जाएं- शिवराज सिंह पारंपरिक - देशी बीज किस्मों का उत्पादन बढ़ाने के लिए भी किया गया प्रावधान पंचायत स्तर पर बीज प्रसंस्करण व भंडारण इकाई स्थापित करने की केंद्रीय मंत्री ने मंजूरी नई दिल्ली, 11 फरवरी 2025, केंद्रीय



कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग से एक महत्वपूर्ण बैठक ली, जिसमें समीक्षा करते हुए देश के किसानों के हित में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के दिशा-निदेर्शों में बड़े बदलाव करने की स्वीकृति प्रदान की । राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के घटकों में किसानों हित में परिवर्तन किए गए हैं। मिशन के दिशा-निदेर्शों में संशोधन करते हुए किसानों और बीज उत्पादकों के लिए सब्सिडी बढ़ाई गई है, वहीं कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने स्पष्ट तौर पर अधिकारियों से कहा कि योजना का लाभ सिर्फ किसानों को मिलना सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ऐसा नहीं होना चाहिए कि किसानों के नाम पर अन्य कोई फायदा उठा लें। मिशन के तहत, पारंपरिक - देशी बीज किस्मों का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रावधान किया गया है, वहीं पंचायत स्तर पर बीज प्रसंस्करण व भंडारण इकाई स्थापित करने की भी मंत्री शिवराज सिंह ने मंजूरी दी। श्री शिवराज सिंह ने आला अफसरों को निर्देश दिए कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होना चाहिए, ताकि किसानों का भला हों। पूर्ववर्ती "बीज और रोपण सामग्री" (एसएमएसपी) उप मिशन सहित "राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और पोषण मिशनह्न (एनएफएसएनएम) अब कृषि संवर्धन योजना का एक घटक होगा। मिशन के उद्देश्य है- देश के चिन्हित जिलों में सतत तरीके से क्षेत्र विस्तार और उत्पादकता वृद्धि माध्यम से चावल, गेहूं, दलहन, मोटे अनाज ( मक्का व जौ) व पोषक अनाज (श्री अन्न) का उत्पादन बढ़ाना; व्यक्तिगत खेत स्तर पर मिट्टी की उर्वरता व उत्पादकता बहाल करना; किसानों में विश्वास बहाल करने के लिए कृषि स्तरीय अर्थव्यवस्था (अर्थात कृषि लाभ ) को बढ़ाना तथा कुशल बाजार संपर्कों के माध्यम से किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्ति के लिए खेत पर फसलोपरांत मूल्य।

## संविधान में जो 22 Illustrations हैं, वो महात्मा गाँधी जी के कहने पर मशहूर चित्रकार नंदलाल बोस जी ने बनाए थे।



चित्रों के साथ अद्भुत Calligraphy का काम प्रेम बिहारी नारायण रायजादा जी द्वारा किया गया था, जिन्होंने भुगतान के बदले में नेहरू से पूछा कि क्या वह पांडुलिपि में उनके नाम पर हस्ताक्षर कर सकते हैं, उसपर नेहरू जी सहमत हो गए। उनका उपनाम 'प्रेम' पांडुलिपि के सभी पृष्ठों पर दिखाई देता है। संविधान "हम भारत के लोग" यानि "ही, The People" ने बनाया है। आम जनता की सहूलियत के लिए जिन्होंने भी संविधान की प्रतियां छापी हैं, उन्होंने Calligraphy और Illustrations के बजाय, उसके मूल्यों को तवज्जों दी है, यही संविधान के रचनाकार, हमारे महान पूर्वज भी चाहते थे। यही दशकों से चला आ रहा है। बाबासाहेब ने ये तक कहा था - ""If I find the Constitution being misused, I shall be the first to burn it" यानि वे संविधान के मूल्यों को अधिक महत्वपूर्ण मानते थे। मोदी सरकार ने पिछले साढ़े दस वर्षों में संविधान के हर मूल्य की धज्जियाँ उड़ाने का काम किया है। तभी लोकसभा चुनाव के दौरान जनता ने उन्हें सबक सिखाया और "400 पार" से दूर रखा। इससे पहले हमने देखा कि भरी संसद में किस तरह गृहमंत्री अमित शाह ने बाबासाहेब पर आपत्तिजनक टिपण्णी करके भारत के संविधान शिल्पी का अपमान किया था। इस देश के वंचितों का अपमान किया था।

## मृतक परिवारों की अस्थियां को लेकर "दशा परिवर्तन समाज सेवा संगठन" गंगाजी जाएगा

**(हरेश उपाध्याय) उ० पू०**

**दिल्ली।** "दशा परिवर्तन समाज सेवा संगठन" (रजि.) मौजपुर ने अपने मैम्बरों के साथ एक मीटिंग कि जिसकी अध्यक्षता संगठन के संस्थापक विजय सक्सेना ने की।सक्सैना ने हमें बताया कि जो भी परिजन किसी कारणवश अपने मृतक व्यक्ति की अस्थियां लेकर,यमुनाजी या गंगाजी नही जा पाते हैं, हमारा संगठन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पांच मार्च 2025 दिन बुधवार को दिल्ली व एनसीआर के विभिन्न शमशान घाटों से अस्थियां एकत्रित कर के हरिहर शमशानघाट, मौजपुर,बाबरपुर,दिल्ली से सुबह 9 बजे ब्रजघाट उत्तर प्रदेश लेकर जाएगा। इस सेवा में सभी मित्रों और सदस्यों का सहयोग रहेगा। ब्रजघाट उत्तर प्रदेश में पूरे विधि- विधान से, उक्त अस्थियां विसर्जन कर सेवा कार्य पूर्ण करेगा।अगर आपके आसपास किसी शमशान घाट पर विस्मृत अस्थियां रखी है,तो हमारे संगठन को बताऐं और आप सब भी इस पुनीत सेवा में सम्मिलित हो और




इस पुण्य लाभ प्राप्त करें। इस अवसर पर संगठन के रामकुमार व देवेंद्र प्रकाश शर्मा, प्रेमसिह पाल और सहदेव चौधरी व पंडित सुरेंद्र अग्निहोत्री, जोहरी अग्रवाल, राहुल शर्मा और संदीप अग्रवाल व प्रवीण गुप्ता ने भी अपने विचार प्रकट किएं। गौरतलब है कि उक्त संगठन गरीब व असाहय और निराश्रित लोगों का विधि-विधान से दाह-संस्कार भी संपन्न कराता रहता हैं। इस पुण्य कार्य में, कोई भी व्यक्ति आर्थिक सहयोग कर सकता है।

# नव-निर्वाचित सरकार दिल्ली को एक आदर्श शहर बनाने का प्रयास करे: मलिक मोतसिम खान

**नई दिल्ली।** 11 फरवरी 2025 जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष मलिक मोतसिम खान ने हाल ही में संपन्न दिल्ली प्रदेश चुनावों पर टिप्पणी करते हुए नव-निर्वाचित सरकार से उम्मीदें जताईं हैं। मीडिया को जारी एक बयान में जमाअत के उपाध्यक्ष ने कहा, आम आदमी पार्टी (आप) ने एक दशक से अधिक समय तक दिल्ली पर शासन किया। सत्ता में दो कार्यकाल मिलने के बावजूद सामाजिक न्याय और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर वह स्पष्ट वैचारिक स्थिति प्रस्तुत करने में विफल रही। कई अवसरों पर जैसे, दिल्ली के नागरिकों, विशेषकर मुस्लिम अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकार खतरे में पड़े तो सरकार मूकदर्शक बनी रही। यद्यपि कल्याणकारी योजनाओं और सब्सिडी मामलों में इसके शासन काल में भूमिका रही, लेकिन वे जनता का विश्वास बनाये रखने के लिए अपर्याप्त थे। आप सरकार स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ पर्यावरण, लैंडफिल हटाने, नालों और कचरे की सफाई, महिला सुरक्षा और झुग्गीवासियों के लिए आवास से संबंधित कई वादे पूरे करने में भी विफल रही। दिल्ली के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में विकास का भेदभावपूर्ण कार्यान्वयन भी आप की विफलता का कारण बना। यह चुनावी परिणाम दशार्ता है कि कोई भी राजनीतिक दल वैचारिक स्पष्टता,



राजनीतिक दूरदर्शिता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता के बिना लंबे समय तक सफल नहीं हो सकता। इसके अलावा, 'इंडिया' गठबंधन सहयोगियों, आप और कांग्रेस द्वारा एकजुट चुनावी रणनीति बनाने में विफल रही जिसके कारण उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा। यदि भविष्य में राजनीतिक गठबंधनों को सफल होना है तो उन्हें अल्पकालिक चुनावी आकलन के बजाय दीर्घकालिक रणनीतिक एकता पर आधारित होना चाहिए। नई सरकार से अपेक्षाओं के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, "राष्ट्रीय राजधानी के रूप में दिल्ली को एक आदर्श शहर के रूप में उभरने की अपार संभावनाएं हैं। पर्यावरण संबंधी चिंताओं, स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन, बुनियादी ढांचे में सुधार और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि "लोगों के अनुकूल, समावेशी और सुव्यवस्थित शहर" का निर्माण किया जा सके। नई सरकार का ध्यान दिल्ली को प्रगतिशील, समावेशी और टिकाऊ शहरी प्रबंधन के वैश्विक नमूने के रूप में स्थापित करने पर होना चाहिए। हम नई सरकार से गरीबों के लिए कल्याणकारी नीतियां अपनाने का आग्रह करते हैं। शासन को तुच्छ राजनीति से ऊपर उठना चाहिए; उसे सभी नागरिकों को एकजुट करना चाहिए, सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखना चाहिए तथा अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए। समावेशी नीतियां बनाते समय इसे नैतिक और संवैधानिक सिद्धांतों को कायम रखना होगा।

# जमीअत उलमा-ए-हिंद का नया सदस्यता ऐप लॉन्च, 11,000 स्थानीय इकाइयां बनाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** 11 फरवरीः जमीअत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने आज जमीअत उलमा-ए-हिंद के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय के मदनी हॉल में संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक "ऐप-आधारित सदस्यता प्रणाली" का उद्घाटन किया। यह ऐप प्ले स्टोर पर "मेंबरशिप ड्राइव ऐप" के नाम से उपलब्ध है, जिसे जमीअत की



सदस्यता अवधि 2024-27 के लिए जारी किया गया है। इस अवसर पर यह घोषणा की गई कि इसके माध्यम से सदस्यता प्रक्रिया को और अधिक सरल, एकीकृत और पारदर्शी बनाया जाएगा। इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष के अलावा महासचिव मौलाना मोहम्मद हकीमुद्दीन कासमी और सचिव मौलाना नियाज अहमद फारूकी एडवोकेट भी उपस्थित थे। जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना मदनी ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी वर्ग के लिए चाहे वह बहुसंख्यक हो या अल्पसंख्यक, एक मजबूत संगठनात्मक ढांचा अपरिहार्य है। संगठन का प्राथमिक उद्देश्य केवल अपनी पहचान की रक्षा करना ही है, बल्कि भविष्य के लिए मार्ग निर्धारित कर उसे साकार करना भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जमीअत उलमा-ए-हिंद बदलती परिस्थितियों में और अधिक दृढ़ संकल्पित है और उसके उत्साह में बढोतरी हुई है। मौलाना मदनी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि केवल वही वर्ग सफलता प्राप्त करता है जो अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए व्यवस्थित रूप से काम करता है। परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, साहस और दृढ़ता ही सफलता की कुंजी हैं। हालांकि वर्तमान समय में अनेक चुनौतियों को सामना है, लोकिन बुद्धिमत्तापूर्ण रणनीति, दीर्घकालिक नीतियों और सतत संघर्ष द्वारा उन पर नियंत्रण प्राप्त किया जा सकता है। मीडिया के एक सवाल के जवाब में मौलाना मदनी ने कहा कि भारतीय संविधान पर अमल करना और सभी वर्गों के समान अधिकारों की रक्षा प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। किसी भी समुदाय को सर्वपरि रखना स्वीकार्य नहीं है और न्याय की स्थापना ही लोकतंत्र की सच्ची मूल भावना है।

## मांगों को लेकर किसान सभा ने डोभी में बैठक की



**हिसार** अखिल भारतीय किसान सभा ने बालसमंद तहसील के गांव डोभी में किसानों के मुद्दों को लेकर, जैसे नहरों में दो सप्ताह पानी, बकाया बीमा व मुआवजा, गांव में पीने के पानी की स्वच्छ जल की सप्लाई, पशु तालाबों की सफाई व गांव का गन्दा पानी तालाब में जाने पर रोक लगाने, आवारा पशुओं, जंगली सूअरों, नील गायों पर रोक लगाने, पशु मेले खोले जाएं, नकली खाद-बीज पर रोक, बिजली के स्मार्ट मीटर पर रोक, पराली जलाने पर आपराधिक मुकदमों पर रोक, नई कृषि मंडी नीति 2024 वापस ली जाए, एमएसपी गारंटी कानून बनाया जाए, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू की जाए, किसान मजदूर को कर्ज मुक्त किया जाए और मजदूरों के लेबर लॉ बहाल किए जाएं और नये काले मजदूर कानूनों पर रोक लगाई जाए आदि मागों लेकर किसान सभा के जिला युवा संयोजक ब्लाक पार्षद प्रदीप सिंह बैनीवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई । प्रेस के नाम जारी बयान में प्रदीप सिंह बैनीवाल ने कहा कि बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में जिला महासचिव सतबीर सिंह धायल ने किसान सभा व किसान आन्दोलन पर प्रकाश डाला और किसानों से आन्दोलन तेज करने का आह्वान किया। जिला कोषाध्यक्ष कपूर सिंह बगला ने स्थानीय आन्दोलन व किसान सभा की उपलब्धियों पर अपने विचार रखे। बैठक में भादर गिल, कुलदीप जाखड़, रतन नैन, चौधरी अमित गाट, जयप्रकाश गोदारा, वेदपाल भादू, अशोक गोदारा, राहुल, वेदपाल गोदारा, शमशेर नहेरा, लीलू राम, मुरारी राजपूत, प्रदीप ढाका, रविन्द्र भाम्भू, सूबे सिंह कुकणा, राजकुमार भाम्भू, रविन्द्र बैनीवाल, शुभकरण गिल, सूरज आदि किसानों ने भाग लिया।

### जिला परिषद सीईओ बोले- आमजन को जल संग्रह के परंपरागत स्रोतों को अपनाना चाहिए

## पानी के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती : अजय चोपड़ा

**लोहारू** जिला परिषद के सीईओ अजय चोपड़ा ने कहा कि पानी अनमोल है पानी को बनाया नहीं जा सकता,पानी को बचाया जा सकता है। पानी के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती इसलिए आमजन को जल संग्रह के परंपरागत स्रोतों को अपनाना चाहिए और बरसात के पानी को कुंड, तालाब तथा जोहड़ो आदि में संग्रह करना चाहिए। जिला परिषद के सीईओ सोमवार को गांव गिगनाउ के अर्ध-शुष्क बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशैड 2.0 के तहत आयोजित किसानों को जल संग्रहण के प्रति जागरूक करने के लिए वाटरशेड जागरूकता यात्रा कार्यक्रम को संबोधित



कर रहे थे। एसडीएम मनोज दलाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जिला परिषद के सीईओ अजय चोपड़ा ने गांव गिगनाउ में तीन कुंडों का उद्घाटन और एक कुंड का शिलान्यास किया।खेल स्टेडियम में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि पानी को व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए। एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि जल के बिना भविष्य सुरक्षित नहीं है। जल के बिना पृथ्वी पर जीव, जंतु और सृष्टि भी संभव नहीं है इसलिए जल बचाने व संग्रहण पर ध्यान देना चाहिए। कुएं ,बावड़ी, कुंड आदि परंपरागत स्रोतों को अपनाना चाहिए। तकनीकी विशेषज्ञ डॉ महावीर सांगवान ने वॉटरशेड स्कीमों की जानकारी देते हुए बताया कि जिला भिवानी में जल संग्रहण और वाटरशेड के स्कीमों की जानकारी देने के लिए समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। डीएससीओ डॉ मुकेश यादव तथा एएससीओ अनिल राठी ने वाटरशेड योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जल का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। शुद्ध जल के बिना अनेक बीमारियां उत्पन्न होती जा रही है। इसलिए बरसात के जल का संग्रहण करना चाहिए। उन्होंने बताया कि गांव में 16 जोहड़ों की खुदाई करवाई गई है, गौ घाट बनवाए गए हैं और पाइपलाइन बिछाई गई है। सात कुंडों का निर्माण करवाया गया है। बागवानी विभाग के उपनिदेशक डॉ आत्म प्रकाश तथा एचडीओ डॉ कमल महला ने बागवानी फसलों के बारे में जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार हम कम पानी में सूक्ष्म सिंचाई योजना का उपयोग कर अधिक फसल ले सकते हैं।

## न्यूज डायरी

### संकीर्तन में किया श्याम बाबा की महिमा का गुणगान

**हिसार** आध्यात्मिक व सामाजिक सरोकारों के पोषक प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में आयोजित संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान श्याम बाबा के दरबार में श्रद्धालुओं ने अर्जी लगाकर आराधना की और मन्नत मांगी। पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि बीड़ बबरान धाम की प्रसिद्धि दूर-दूर तक है। इसलिए विशेष अवसरों व त्योहारों पर यहां माथा टेकने के लिए विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। अर्जी संकीर्तन में पधारने वाले श्रद्धालुओं ने धाम में स्थापित श्याम बाबा के दरबार, वीर हनुमान के मंदिर, शिव परिवार, अखंड जोत, धूणे, घोड़े के पांव के निशान वाली शिला व मढ़ी के भी दर्शन किए।

### आर्द्रा नक्षत्र में निकाली रामानुज स्वामी की सवारी

**हिसार** उत्तर भारतीय संस्कृति व दक्षिण भारतीय संस्कृति में सामंजस्य स्थापित करने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में आर्द्रा नक्षत्र के अवसर पर रामानुज स्वामी की सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। इस सवारी शोभा यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान पूरा तिरुपति धाम जय श्रीमन्ननारायण, जय तिरुपति बालाजी और जय रामानुज स्वामी के जयघोष से गूंजता रहा। सवारी शोभा यात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं में गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया। भक्तों को तिरुपति धाम में स्थापित श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी, श्री गोदांबा माता जी, श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी, श्री वरवर मुनि जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिर के दर्शन का भी अवसर मिला।

### राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा नेटबॉल को दोहरा स्वर्ण

**भिवानी** हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन महासचिव बबीता ने बताया कि देहरादून में आयोजित हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा नेटबॉल ट्रेडिशनल की टीमों ने पुरूष व महिला दोनों वर्ग की टीमों ने फाईनल मैच जीता तथा गोल्ड मैडल हासिल किया। हरियाणा नेटबॉल ट्रेडिशनल में महिला वर्ग की टीम का फाइनल मैच में हरियाणा ने राजस्थान को 57-55 के अंतर से जीत हासिल की तथा नेटबॉल की पुरूष वर्ग की टीम का फाइनल मैच हरियाणा ने हिमाचल को 74-71 के अंतर से जीत हासिल की। पुरूष व महिला की टीमों की उपलब्धि पर हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबीता ने टीम कोच, मैनेजर व खिलाडियों को बधाई दी।

### शमशान भूमि में पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन

**भिवानी** स्थानीय दिनोद रोड़ स्थित श्याम बाग शमशान भूमि के परिसर में साफ-सफाई एवं पौधारोपण कर रेल अंडरपास महापंचायत के संयोजक एवं कोषाध्यक्ष रोहतास वर्मा का 70वां जन्मदिन सादगी से पूर्ण रूप से मनाया। श्याम बाग सभा सचिव जगन गंभीर ने बताया कि रोहतास वर्मा के जन्मदिन उनके बेटों महेंद्र, मुकेश, नीरज एवं धर्मपत्नी मेवा देवी ने श्याम बाग़ परिसर में निर्माणाधीन पक्षी रैन बसेरा के साथ शहतूत एवं रबड़ का पौधा लगाया तथा मीटिंग हाल में मेवा देवी कि अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। राधाकृष्ण चावला ने कहा कि एक पेड़ मां, पिता, पुत्र, पुत्री, पति, पत्नी, दादा, दादी के नाम अवश्य लगाएं। पूर्व पार्षद अनिल काठपालिया ने कहा कि रोहतास वर्मा गत 35 साल से निरंतर मानव सेवा में समर्पित है। महंत जगन्नाथ ने पति-पत्नी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित कर शुभकामनाएं दी।

### स्कूल में परीक्षा पर चर्चा का हुआ आयोजन

**भिवानी** स्थानीय हालु बाजार स्थित श्रीमहावीर जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सोमवार को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाईस चेयरमैन विजेंद्र बडग़ुज्जर ने शिरकत की तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाजसेवी सुरेश सैनी पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्या पुष्पा देवी ने की। इस दौरान विद्यार्थियों को एलडीईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को दिखाया गया। इस दौरान कक्षा छठी, 7वीं व 8वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने नृत्य तथा नर्सरी, केजी व पहली कक्षा के विद्यार्थियों ने कविता की प्रस्तुतियां मुख्यअतिथि के समक्ष पेश। ट्रस्टी अरूण जैन एवं प्राचार्या पुष्पा देवी ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा विद्यार्थियों को यह सिखाती है कि वे अपनी क्षमताओं को पहचाने, अपनी कमजोरियों पर काम करे तथा आत्म विशूेषण से स्वयं को सुधारे। इस अवसर पर अकाउटेंट लक्ष्मणदास, राम सोनी, अध्यापिकाएं शालू, अंशु, सुनीता शर्मा, राजबाला, सुमन, मधु, पूमन, रेणु, महिमा, अंजली, रविना सहित समस्त स्कूल स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### कन्या स्मारक मंदिर परिसर में लगा भंडारा

**कालांवाली** न्यूज)। कन्या स्मारक मंदिर में भगवान शंकर स्वरूप शिवलिंग को चांदी में मंडवाने का कार्य सम्पन्न होने के उपलक्ष्य में शिव रूद्राअभिषेक डॉक्टर राहुल गर्ग रोहतक बवासीर हस्पताल वाले ने करवाया जिसमें गिरधारी लाल शास्त्री,पवन शर्मा व राजेश शर्मा ने मंत्रो का जाप किया जिसमें नगर के गणमान्य लोग शशि सिंगला, सुरेश प्रिन्स, रविश गर्ग, बिरला दानेवालिया, नीटा गोयल, सोनू गोयल, गांधी गोयल, सोना मित्तल हवन यज्ञ में अपनी आहुति डाली शिव आरती के बाद भंडारा लगाया गया जिसमें भक्तो ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### क्रिकेट प्रतियोगिता से युवाओं को किया नशे से जागरूक

**कालांवाली** न्यूज)। पुलिस अधीक्षक डबवाली सिद्धान्त जैन के निर्देशानुसार व उप पुलिस अधीक्षक कालांवाली सन्दीप धनखड़ के कुशल नेतृत्व में थाना औंढा ने जलालआना में क्रिकेट का खेल करवाकर युवा खिलाड़ियों नशे के बारे जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक डबवाली के कुशल-मार्गदर्शन मे डबवाली पुलिस की टीमें पिछले काफी समय से जिले के अधिकतर स्कूलों/कॉलेजों एवं गांवों में इस तरह के जागरूकता अभियान चला चुकी हैं। जागरूकता अभियान के दौरान थाना कालांवाली से स.उप.नि. महेन्द्र सिंह ने वहां मौजूद युवाओं से कहा कि आजकल युवाओं में नशीली दवाओं का दुरुपयोग बढ़ता जा रहा है और ये चिंता का विषय है। हमें नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम, नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता पैदा करने और नशे से दूर रह कर नशा मुक्त जीवन यापन करने का प्रण लेना चाहिए। उन्होंने कहा अगर कोई नशा बेचता है तो इसकी सूचना तुरन्त पुलिस को देवें या कन्ट्रोल रुम न.7082014523 तथा 01668299100 पर । सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

### नहर में पानी की किल्लत से परेशान किसान

**लोहारू** न्यूज)। दमकोरा और कुशलपुरा गांव के किसानों ने नहर में पानी की कमी के चलते अपनी चिंता जाहिर की और इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर लोहारू कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि पानी न मिलने के कारण उनकी फसलें बर्बाद हो रही हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है।किसान नरेंद्र, अशोक, विजय, सुरेश, सोनू कुमार, सुनील, सोमबीर सिंह, राजबीर, जयबीर, वीरेंद्र, शमशेर आदि ने बताया कि यदि जल्द ही नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो उनकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा। जेई नवीन ने बताया कि पानी पीछे से कम आ रहा है, जिस कारण सप्लाई बाधित हो रही है। ज्ञापन को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा ताकि जल्द से जल्द समाधान निकाला जा सके।

### लोहारू नगर पालिका चुनाव 2025 की तैयारी के लिए बैठक

**लोहारू** न्यूज)। लोहारू नगर पालिका चुनाव 2025 की तैयारी के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन लोहारू के लघु सचिवालय में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता एसडीएम कम रिटर्निंग अधिकारी मनोज दलाल ने की, जिसमें नायब तहसीलदार शेखर नरवाल, नगर पालिका सचिव तेजपाल तंवर, दीपक शर्मा और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में लोहारू एसडीएम मनोज दलाल ने चुनाव से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की और चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एसडीएम ने बैठक के अंत में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए तैयार रहने का आह्वान किया और विश्वास व्यक्त किया कि इस चुनाव प्रक्रिया को सफल और व्यवस्थित तरीके से संपन्न किया जाएगा।

### क्रेशर मालिक से मांगे दो लाख, मना करने पर गाली गलौच

**नारनौल** न्यूज)। क्षेत्र में एक क्रेशर संचालक से उसके पड़ोसी खेत के मालिक द्वारा जबरन वसूली करने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव धौलेड़ा के विनोद कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी अंशू यादव के नाम से गांव बैरुंडला की ओम इंफ्रा स्टकचर कंपनी में उसकी पार्टनिशप है। वह रविवार को दोपहर एक बजे क्रेशर के आफिस में बैठा हुआ था। वहां पर बैरुंडला गांव का संदीप और प्रदीप आया। उसने कहा कि क्रेशर के नजदीक उसके खेत लगते हैं। जिससे पूरा दिन उसके खेतों में धूल उड़ती रहती है। इसिलए अपना क्रेशर बंद कर दो, या हमें दो लाख रुपए हर माह दो। जब उसको पैसे देने से मना कर दिया तो उसने गाली गलोच शुरू कर दी तथा हाथापाई शुरू कर दी। वहीं जान से मारने की धमकी दी। इससे पूर्व भी ये लोग 20 हजार वसूल चुके हैं।

### खाना मांगने पर बुजुर्ग की बहू व बेटे ने की पिटाई

**नारनौल** न्यूज)। नांगल चौधरी के पास लगते गांव ढाणी बानियावाली के प्रकाश सिंह ने बताया कि सुबह उसको भूख लग गई थी। जिस पर उसने अपने पोते से खाना मांगा। इस पर उसकी पुत्रवधू भागकर आई तथा उसने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसने कहा कि वह उसको खाना नहीं देगी। इस पर उसका बेटा भी आया तथा दोनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बुजुर्ग प्रकाश सिंह ने बताया कि दोनों ने उसको लाठी डंडों से बुरी तरह मारा। जिसके कारण वह गिर गया। पिटाई करने के बाद दोनों ने उसको घर से बाहर निकाल दिया तथा कहा कि फिर यहां पर मत आना। नारनौल के अस्पताल में उसको इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया। उसने बताया कि उसका हाथ टूट गया है तथा कई अन्य जगह भी चोट लगी है।

### एसडीएम ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

**नारनौल** न्यूज)। नांगल चौधरी के एसडीएम मनोज कुमार ने आज राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल निजामपुर व पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल नांगल दर्गू का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित अध्यापकों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल निजामपुर में तीन तथा पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल नांगल दर्गू में एक अध्यापक अनुपस्थित मिला। एसडीएम मनोज कुमार ने चारों अध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान हाजिरी रजिस्टर भी चेक किए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अध्यापक व अन्य कर्मचारी ड्यूटी पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### आपराधिक रिकॉर्ड है तो छपवानी होगी सूचना

**नारनौल** न्यूज)। नगर पालिका अटेली मंडी तथा नगर पालिका कनीना में 2 मार्च को होने वाले आम चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने सभी प्रकार की तैयारी शुरू कर दी हैं। नामांकन प्रक्रिया 11 फरवरी से शुरू होगी। अटेली नगर पालिका में चुनाव लडऩे के इच्छुक नागरिक अपना नामांकन अटेली नगर पालिका के प्रशासक के रूम में प्रस्तुत करेंगे। वहीं कनीना नगर पालिका के लिए एसडीएम कनीना की कोर्ट में नामांकन दाखिल होंगे। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए कनीना के रिटर्निंग अधिकारी डॉ जितेंद्र सिंह तथा अटेली के रिटर्निंग अधिकारी रमित यादव ने बताया कि नामांकन 17 फरवरी तक दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन सुबह 11:00 से दोपहर बाद 3:00 तक दाखिल होंगे। 12 और 16 फरवरी को छुट्टी के दिन नामांकन दाखिल नहीं होंगे।

## समाचार

### पंचायत सहायकों ने 10 अलग-अलग विभागों को विभिन्न मांगों को लेकर डाक रजिस्ट्री के माध्यम से ज्ञापन भेजा



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**अमरोहा/धनौरा।** मंगलवार को जनपद अमरोहा के विकास खण्ड धनौरा व जिला के नेतृत्व करता शाहरुख चौधरी व विकास खण्ड अमरोहा के नेतृत्व कर्ता इब्राहिम चौधरी के नेतृत्व मे पंचायत सहायकों द्वारा डाक रजिस्ट्री के माध्यम से 10 अलग अलग विभागो को ज्ञापन भेजा गया, जिसमें सभी से अल्प मानदेय मे वृद्धि व नियमिती करण की मांग की गई है। तथा विभागीय कार्य करने हेतु एक स्मार्ट फोन व कार्यालय प्रयोग हेतु सभी सामग्री की मांग भी की गई है, इस मौके पर मुख्य रूप से विकास खण्ड धनौरा व जिला नेतृत्व कर्ता शाहरुख चौधरी व इब्राहिम चौधरी , व धनौरा ब्लॉक उपाध्यक्ष सोनू कुमार, अमरोहा ब्लॉक उपाध्यक्ष सुधांशु कुमार, पंचायत सहायक ,पंकज कुमार, अजय कुमार, कपिल कुमार, वीरेन्द्र कुमार, शुभम कुमार, राजपाल सिंह, दिनेश सिंह, कार्तिक कुमार, दानिश अली, नाजिम चौधरी, नाजमा परवीन, राहुल यादव, सोनम, काशिफा परवीन, राहुल यादव, सुनील कुमार, रचित प्रताप, शायरा बानो, रेनू, प्रवेंद्र कुमार आदि पंचायत सहायक मौजूद रहे।

### विधायक आवास पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि मनाई गई




**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी के आवास/कैंप कार्यालय पर पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि कार्यक्रम (समर्पण दिवस) के रूप में मनाया गया जिसमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र के सम्मुख विधायक महेंद्र सिंह खड़क बंशी ने दीप प्रज्वलित किया तथा सभी भाजपा कार्यकताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए वहीं विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन पर प्रकाश डाला, इस मौके पर मुख्य रूप से हसनपुर मंडल अध्यक्ष राजू राणा, मयंक अग्रवाल, संजय शर्मा, संजय राणा, अजय पाल, सौरव गुप्ता, विक्रम महंत, देवेंद्र सैनी, संदीप गुप्ता, प्रमोद रोहिल्ला, विभोर अग्रवाल, अमरपाली गुर्जर, पौरुष अग्रवाल, डॉक्टर गजराज सिंह, महेश चंद्र अग्रवाल, नंदन खड़कवंशी, जयवीर सिंह, राजकुमार, चंद्रपाल, भोजराम सिंह आदि सहित सैकड़ो की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता वं बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

### अंतरराष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस पर राष्ट्र सेवी संगठन द्वारा दिलाई गई शपथ



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को तहसील हसनपुर क्षेत्र के ग्राम भदौरा में सतवीर सिंह की बैठक पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि एवं अंतरराष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर विद्यालय पर उपस्थित राष्ट्र सेवी संगठन के राष्ट्रीय संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जीवन चरित एवं समाज में महिलाओ एवं बालिकाओ के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के नए युग साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, और मैथेमेटिक्स, के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान अविस्मरणीय रहा है। आज का दिन पूरी दुनिया को स्टीम के क्षेत्र में लैंगिक समानता की याद दिलाता है। आज हम सबको समाज में महिलाओ की भागीदारी सुनिश्चित करने एवं प्रत्येक क्षेत्र में उनके द्वारा दिए जाने वाले योगदान के लिए उन्हें सम्मान देने का संकल्प लेना चाहिए, इस अवसर पर सतवीर सिंह, अशोक कुमार, जयवीर सिंह, महेश सिंह, पवन कुमार, प्रमोद कुमार, मानचंद सैनी, सोमपाल सैनी, अमरपाल, जयवीर आदि उपस्थित रहे।

# एंटी करप्शन टीम ने 60 हजार रुपए रिश्वत लेते जे ई को किया गिरफ्तार

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**अमरोहा।** मंगलवार को एंटी करप्शन टीम ने विनियमित क्षेत्र के जूनियर इंजीनियर भानु प्रताप सिंह को 60000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया, पीड़ित द्वारा नक्शा पास कराए जाने को लेकर रिश्वत लिए जाने की मांग की शिकायत एंटी करप्शन टीम से की गई थी एंटी करप्शन टीम ने प्लान के तहत शिकायतकर्ता को रिश्वत की रकम के साथ जे ई से मिलने भेजा, जैसे ही जे ई ने रिश्वत की रकम पड़ी तो टीम ने कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया तथा पूरी कार्रवाई को वीडियो में कैद किया गया, आरोपी को नगर कोतवाली ले जाया गया जहां उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है एंटी करप्शन टीम के अधिकारियों ने बताया कि मामले की घहनता से जांच की जा रही है जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी, बता दे की शिकायतकर्ता स्थानीय निवासी इमरान पाशा ने अपने प्लॉट का नक्शा पास करने के लिए एंटी करप्शन टीम से 60000 रुपए रिश्वत मांगे जाने की



शिकायत की थी जिसको लेकर मंगलवार को यह कार्रवाई हुई है ' एंटी करप्शन द्वारा की गई इस कार्रवाई से पूरे जिले में हड़कंप मचा हुआ है बता ते चले कि इससे पूर्व भी एंटी करप्शन टीम हसनपुर आदि क्षेत्र में लेखपाल आदि को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर चुकी है जहां एक और एंटी करप्शन टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है वही सरकारी कर्मचारी अधिकारी रिश्वत के बिना कोई काम करने को तैयार नहीं है, अब देखना यह है कि क्या रिश्वत लेने वाले कर्मचारी अधिकारी कुछ सीख लेते हैं या ऐसे ही रिश्वत के नाम पर लोगों का उत्पीड़न होता रहेगा।

# प्राथमिक विद्यालय में लगा हुआ है ट्रांसफार्मर, दुर्घटना होने की आंशका।

**संवाददाता मंजीत शर्मा**

**पीलीभीत पूरनपुर।** प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में लगा है 11 हजार करंट लाइन का ट्रांसफार्मर। विद्यालय प्रांगण में ट्रांसफार्मर होने से बनी रहती है दुर्घटना होने की सम्भावना। विद्यालय में छोटे-छोटे छात्र-छात्रा शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। लेकिन विधुत विभाग की बड़ी लापरवाही से विद्यालय प्रांगण में लगा है ट्रांसफार्मर। आखिर जिम्मेदारों को क्या नहीं दिख रहा है ट्रांसफार्मर। छोटे-छोटे छात्र-छात्रा शिक्षक ग्रहण करने आते हैं उन्हें खतरे की आशंका बनी रहती है। वही 11 हजार करंट की लाइन आई हुई है और विद्यालय प्रांगण में 11 हजार लाइन का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। ट्रांसफार्मर होने से दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है।



बच्चों और अध्यापकों को डर है। विद्यालय के अध्यापक के द्वारा विद्युत विभाग को लिखित शिकायती पत्र के माध्यम से कई वर्ष पहले ही अवगत कराया गया है। लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है विद्यालय अध्यापक ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा 5 साल पहले इस सम्बन्ध में शिकायत की गई थी लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक ट्रांसफॉर्म को अलग जगह पर नहीं रखा गया है?। विद्यालय अध्यापक ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के द्वारा इसका बजट पास हो चुका है लेकिन अभी अलग जगह पर ट्रांसफार्मर नहीं रखा गया है। जनपद पीलीभीत के तहसील पूरनपुर क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय माती माफी का पूरा मामला है। जहां विद्यालय परिसर में ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जिससे दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है।

# भारतीय किसान यूनियन ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीम विभा श्रीवास्तव को एक ज्ञापन सौंपा, इससे पूर्व एसडीएम कार्यालय के सामने महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय



महासचिव चौधरी उम्मेद सिंह ने किसने की विभिन्न समस्याओं को उठाया तथा बैठक में अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की, बैठक में मुख्य बिंदु जिसमें किसानों को 14 दिन के अंदर गन्ने की कीमत का भुगतान दिलाए जाने, तथा किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज और दवाइयां उपलब्ध कराए जाने, साथ ही रामपुर भूड़ से पीपली दाऊद तक मंडी समिति के अधीन सड़क की मरम्मत और आवारा पशुओं की समस्या से छुटकारा दिलाने आदि की मांगे रखी गई, वहीं बैठक में नाबालिक बच्चों द्वारा ई-रिक्शा चलाने पर रोक लगाने की भी मांग की गई, साथ ही बैठक में बिजली बिलों को मीटर रीडिंग से ज्यादा निकाले जाने पर चिंता व्यक्त की गई, इस मौके पर मुख्य रूप से योगेंद्र सिंह, हाजी कमाल बंजारा, दिनेश चौहान, राधेलाल अग्रवाल, राधा अग्रवाल, शमीम चौधरी, मोहम्मद फिरोज, कासिम आदि सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# 144 वें अति दुर्लभ महाकुंभ में विश्व के लिए वरदान है गंगा विषय पर संगोष्ठी व गंगा संवाद।

**प्रयागराज।** धरती पर मां गंगा किसी वरदान से कम नहीं हैं। वह सतयुग से लेकर आज तक करोड़ों श्रद्धालुओं को शांति, मुक्ति, भक्ति व आनंद प्रदान करती आ रही हैं। महाकुंभ स्थल प्रयागराज में गंगा कथा वक्ता आचार्य प्रदीप कोठारी ने कहा कि गंगा सिर्फ एक नदी मात्र नहीं है, बल्कि मां के रूप में पूजी जाती हैं। भारत की पहचान भी मां गंगा से है, जो युगों-युगों से मानवीय चेतना का संचार कर रही हैं। गंगा केवल जल का ही नहीं, जीवन का भी स्त्रोत भी हैं। मां गंगा ने मनुष्य को जन्म तो नहीं दिया, लेकिन जीवन तो दिया ही है। हमारी आत्मा को अपने आस्था रूपी जल से हमेशा पवित्र किया है। मां गंगा भारतीय संस्कृति की संरक्षक व संवाहक भी हैं। इसलिए मां गंगा की पावनता व स्वच्छता के लिए प्रत्येक श्रद्धान्वित जनों को आगे आना होगा। गंगा विश्व धरोहर मंच के संयोजक डॉ. शम्भू प्रसाद नौटियाल ने कहा गंगा गंगा के पवित्र घाटों पर स्नान के लिए श्रद्धालु सोचते हैं जीते-जी एक बार गंगा जी के जल में एक डुबकी-एक आचमन ही मिल जाए। लेकिन गंगा को प्रदूषण मुक्त रखने के हर भारतीय को संकल्प लेना होगा व गंगा को विश्व धरोहर घोषित करने के लिए प्रयास करना होगा। इस अवसर पर अनेकों राज्यों से आये हुए लोगों व महाकुंभ में सेवायें प्रदान करने वाले रेडक्रास स्वयं सेवियों को गंगा अमृत रत्न सम्मान भी दिया गया। लोगों को गंगा विश्व धरोहर मंच के सदस्य मनोज भाकुनी, रश्मि उनियाल, राजेश जोशी, भवतोष शर्मा, डॉ. पी. के. शर्मा हरीश चन्द्र शर्मा, एसपी नौटियाल, सरोजिनी, मंजु, सारिका केष्टवाल, जगदीश सिंह रावत आदि उपस्थित थे।







# महाकुम्भ में अंबानी परिवार ने भी लगाई आस्था की डुबकी

**महाकुम्भ नगर, 11 फरवरी।** प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ 2025 में रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे और त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। मां गंगा, यमुना और सरस्वती के इस पावन संगम में स्नान कर अंबानी परिवार भाव-विभोर नजर आया।

**परिवार के सभी सदस्य हुए शामिल**

मुकेश अंबानी के साथ उनकी पत्नी नीता अंबानी, उनके दोनों बेटे आकाश अंबानी और अनंत अंबानी, आकाश की पत्नी श्लोका अंबानी और उनके बेटे पृथ्वी व वेदा, अनंत अंबानी की पत्नी राधिका मर्चेंट भी इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बने। इसके



अलावा मुकेश अंबानी की मां कोकिलाबेन अंबानी, बहनें नीनाबेन और दीप्तिबेन, नीता अंबानी की मां पूर्णिमा दलाल और बहन ममता दलाल समेत परिवार के कई अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

**की संगम आरती और पूजा अर्चना**

पूरी अंबानी फैमिली देर शाम रेल घाट पर पहुंची। यहां से क्रूस पर सवार होकर सभी त्रिवेणी संगम पहुंचे जहां निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद की उपस्थिति में वैदिक मित्रों के बीच पूरे परिवार ने श्रद्धा की डुबकी लगाई। स्नान के बाद पूरे परिवार ने एक साथ संगम पूजन और आरती भी की।

# गोरक्षधरा पर अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत दिखे श्रृंगेरी मठ के जगद्गुरु शंकराचार्य

**गोरखपुर, 11 फरवरी।** श्रृंगेरी मठ (शारदा पीठ) के जगद्गुरु शंकराचार्य श्री श्री भारती तीर्थ महासन्निधानम के मंगलमय आशीर्वाद और दिव्य आदेश से जगद्गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती सन्निधानम मंगलवार शाम को गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। मंदिर आगमन पर शंखध्वनि और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनका दिव्य अभिनंदन किया गया। इसके पहले शंकराचार्य जी की विजय यात्रा का सहजनवा स्थित जनपद की सीमा से गोरखनाथ मंदिर तक फूल बरसाकर भव्य स्वागत किया गया। शंकराचार्य जी,



गोरक्षधरा पर हुए इस अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत नजर आए। जगद्गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती सन्निधानम जी की विजय यात्रा (11 से 13 फरवरी) मंगलवार को श्रीअयोध्याधाम से प्रारंभ हुई। शाम करीब पांच बजे गोरखपुर जनपद की सीमा (जीरो प्वाइंट) में यात्रा के प्रवेश करते ही श्री गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ के 51 वेदपाठी छात्रों ने आचार्य डॉ. रंगनाथ के नेतृत्व में शंखध्वनि और वैदिक मंत्रोच्चार/मंगलाचरण के बीच जगद्गुरु शंकराचार्य जी का अभिनंदन किया। इसके बाद सहजनवा में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने शंकराचार्य जी का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। सहजनवा से लेकर गोरखनाथ मंदिर तक जगह-जगह समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने देश के शीर्षस्थ धमार्चार्यों में सम्मिलित जगद्गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती सन्निधानम जी का अभूतपूर्व अभिनंदन किया। शंकराचार्य जी के अभिनंदन और अभिवादन का दृश्य हर स्वागत स्थल पर नयनाभिराम रहा। स्वागत के लिए बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने उन पर फूल बरसाए तो कलाकारों ने भजन सरिता बहाई। उनके स्वागत का रूट होर्डिंग्स से पटा पड़ा था।

# महाकुंभ में हर दिन गंगा-यमुना से ट्रैश स्कीमर निकाल रही 10-15 टन कचरा

**महाकुम्भ नगर, 11 फरवरी।** महाकुम्भ में गंगा-यमुना को स्वच्छ, निर्मल बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार प्रतिबद्ध है। आने वाले श्रद्धालु पवित्र संगम में स्नान कर अपने साथ भक्ति के साथ स्वच्छता का भाव भी ले जाएं, इसके लिए प्रयागराज नगर निगम मुख्यमंत्री जी के विजन को साकार करने में लगा हुआ है। न केवल मैनुअल, बल्कि आधुनिक तरीके से भी गंगा-यमुना के संगम को स्वच्छ बनाने का काम हो रहा है। इसके लिए बकायदा ट्रैश स्कीमर मशीन लगाई गई है। यह मशीन हर दिन गंगा-यमुना से 10 से 15 टन कचरा निकाल रही है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छता की परिकल्पना को साकार रूप देने के लिए प्रदेश की




योगी सरकार लगातार प्रयासरत है। इसके चलते विश्व के सबसे बड़े आयोजन महाकुम्भ की तैयारी करीब 4 साल पहले ही शुरू कर दी गई थी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को साफ और स्वच्छ जल मिले, इसके लिए एक ट्रैश स्कीमर मशीन लगाई गई। तब यह मशीन 50-60 क्विंटल कचरा हर दिन निकालती थी। उसकी कार्य प्रणाली को देखते हुए करीब दो साल पहले एक और मशीन को प्रयागराज नगर निगम ने खरीदा। इसके बाद नदियों की सफाई की रफ्तार दोगुनी हो गई।

# लखनऊ स्वच्छता अभियान के कंट्रोल कमांड सेंटर का निरीक्षण

**सैयद सिब्ते रजा संवाद दाता लखनऊ**

**लखनऊ।** के नवगत जिलाधिकारी श्री विशाक जी एवं नगर आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह ने आज लखनऊ स्वच्छता अभियान के लालबाग स्थित कंट्रोल कमांड सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर कचरा संग्रहण की गाड़ियों की लाइव मॉनिटरिंग, ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम, कंट्रोल कमांड सेंटर में प्राप्त शिकायतों और उनके निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। लखनऊ स्वच्छता अभियान के परियोजना प्रमुख श्री अनुपम



मिश्रा ने जिलाधिकारी महोदय को प्रत्येक कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी महोदय ने इस पूरी ऑनलाइन मॉनिटरिंग व्यवस्था से संतुष्टि व्यक्त करते हुए कुछ महत्वपूर्ण दिशानिर्देश भी जारी किए। इस पहल का उद्देश्य शहर की स्वच्छता को और भी अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाना है। जिलाधिकारी महोदय ने इस प्रणाली के कार्यान्वयन को सकारात्मक बताते हुए लखनऊ नगर निगम को और अधिक सुधारात्मक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस मॉनिटरिंग प्रणाली से न केवल स्वच्छता अभियान की गति में सुधार होगा, बल्कि शहरवासियों की शिकायतों का शीघ्र समाधान भी सुनिश्चित होगा। उक्त अवसर पर अपर नगर आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव जी के साथ लखनऊ नगर निगम एवं लखनऊ स्वच्छता अभियान के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# इटावा से बड़ी खबर सामने आई है। 25 बीघा खेती की जमीन व एक करोड़ की कीमत का मकान बना डबल मर्डर की वजह.. बहन व भांजी का कातिल पुलिस पकड़ से बाहर धन बना मौत की वजह।

**इटावा।** मे प्रॉपर्टी के लिए बहन ज्योति (40) व मासूम भांजी ताशी (3) की गोलियां बरसाकर हत्या के मामले मे खुलासा हुआ की 25 बीघा खेती की जमीन व एक करोड़ की कीमत का मकान डबल मर्डर की वजह बना। ज्योति के पिता रिटायर (सीएमओ) लवकुश चौहान ने पुलिस को बताया की उनकी बेटी ज्योति चौहान उनकी सेवा करती थी। इसलिए उन्होंने बेटी को उसका हक दिया था। भाई हर्षवर्धन इस बैनामे के खिलाफ कोर्ट गया था। मगर कोर्ट से उसे राहत की उम्मीद नहीं दिखी तो उसने बहन व भांजी को मार डाला। पुलिस आरोपी की तलाश! हिंद लखनऊ समाचार 9044445694




CMYK

# गीता जयंती महोत्सव के दौरान शोभा यात्रा में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं तथा शिक्षण संस्थाओं के प्रतिभागियों को किया सम्मानित



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने गीता जयंती महोत्सव के दौरान शोभायात्रा में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं तथा शिक्षण संस्थाओं के प्रतिभागियों को मंगलवार को लघु सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी आप सभी का इसी प्रकार से जिला प्रशासन का सहयोग मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि करनाल की सामाजिक संस्थाएं समाज सेवा के कार्य में अहम भूमिका में रहती है और प्रशासन को भी समय-समय पर अपना भरपूर सहयोग देती है।

**ये संस्थाएं व स्कूल हुए सम्मानित**

एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने निफा व आर पी एस इंटरनेशनल स्कूल, सिटीजन ग्रीवेंसीज कमेटी व दिल्ली पब्लिक स्कूल, भारत विकास परिषद (अभिमन्यु, सूरज, कर्ण, माधव, राधा कृष्ण, कृष्ण शाखा)व एस बी एस सीनियर से0 स्कूल, लक्ष्य जनहित सोसाइटी व वीयूएमएम जैन पब्लिक स्कूल, पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट व गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल, अपना आशियाना, जन सेवा दल व निशान पब्लिक स्कूल, अग्रवाल सभा सेक्टर-7 व ओ पी एस विद्या मंदिर, एम डी डी बाल भवन व सेंट थेरेसा कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आर्य केंद्रीय सभा व निर्मल पब्लिक स्कूल, माँ झंडेवाली सेवा समिति व विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, प्रयास फाउंडेशन व दून ग्रुप ऑफ स्कूल, सनातन धर्म मंदिर सभा व एस डी आदर्श पब्लिक स्कूल, करनाल जागृति मंच व बाबा राम दास विद्या पीठ, श्री राधा कृष्ण गौशाला व एसडी बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल राम नगर, हरियाणा चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज व श्री कृष्ण प्रणामी स्कूल, अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा करनाल व श्री राम चरीत मानस सी से स्कूल, रघुनाथ मं?

# 4.34 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर कृमि मुक्त किया जा चुका है




**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** सिविल सर्जन डॉ. लोकवीर ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति प्रोग्राम के तहत मंगलवार को जिले के 4.91 लाख बच्चों में से 4.34 लाख बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर कृमि मुक्त किया जा चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों में खून की कमी का एक मुख्य कारण कृमि (पेट के कीड़े) होते है, जिस कारण बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में कमी आ जाती है । गंभीर कृमि संक्रमण से कई लक्षण उत्पन्न हो सकते है जैसे कि दस्त, जी मिचलाना, उल्टी, हल्का पेट दर्द, कमजोरी, वजन कम होना, रोग प्रतिरोधक क्षमता का कम होना और पढ़ाई में ध्यान न लगना। यह एल्बेंडाजोल की गोली बिल्कुल सुरक्षित है, इसको खाने से अनेक फ ायदे होते है जैसे कि अनीमिया में नियंत्रण, स्वास्थ्य और पोषण में सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, समुदाय में कृमि संक्रमण की व्यापकता में कमी शामिल है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति प्रोग्राम के तहत 1 से 19 वर्ष के सभी सरकारी व निजी स्कूलों के बच्चों को एवं 20 से 24 वर्ष आयु की सभी महिलओ जोकि गर्भवती न हो तथा स्तनपान न करवा रही हो, को स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रो के माध्यम से एल्बेंडाजोल की गोली निःशुल्क खिलाई गई तथा जो बच्चे किसी कारणवश छूट गए हैं उनको आगामी 18 फरवरी को मॉप अप राउंड के दौरान एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। यह गोली पूर्णतः सुरक्षित व प्रभावशाली है। 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली (पीसकर), 2 से 3 वर्ष के बच्चों को पूरी गोली (पीसकर), 3 से 19 वर्ष के बच्चों एवं 20 से 24 वर्ष की महिलाओं को पूरी गोली चबाकर खानी है। सिविल सर्जन ने आमजन से यह अपील की कि स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम द्वारा दी जाने वाली एल्बेंडाजोल की गोली अपने बच्चों को अवश्य खिलाएं ताकि भारत की भावी पीढ़ी को तंदुरुस्त एवं अनीमिया मुक्त बनाया जा सके।

## न्यूज डायरी

### इग्नू अध्ययन केंद्र के पाठ्यक्रमों में 15 फरवरी तक ले सकते हैं दाखिला



**असंध** जीवन चानन महिला महाविद्यालय में स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र की कोऑर्डिनेटर डॉ सिमरत पाल व डॉ. हेमलता शर्मा ने श्री सनातन धर्म सेवा समिति सामुदायिक भवन में लोगों को दाखिले की जानकारी दी। डॉक्टर सिमरत पाल ने बताया कि अ यर्थी इग्नू में 15 फरवरी तक प्रवेश ले सकते है। उन्होंने बताया कि जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते है, उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है। इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। डॉ. सुरेखा के द्वारा बताया गया कि इग्नू अपने गुणकारी शिक्षा से सभी को लाभान्वित कर रहा है। डॉ हेमलता शर्मा ने कहा कि जो व्यक्ति अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाया वह इग्नू में दाखिला लेकर के अपनी पढ़ाई जारी कर सकता है और इसमें कोई आयु सीमा नहीं है। डॉ. नीतू सेठी ने भी इग्नू में दाखिले की प्रक्रिया को लेकर जानकारी दी।

### नशा मुक्त भारत अभियान में प्रत्येक नागरिक का सहयोग जरूरी: रामलाल

**पूंडरी** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर पुंडरी के रैड क्रॉस सेल व एन एसएस सेल के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्ति हमारा गांव मुहिम के तहत कॉलेज में नशा निवारण पर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसकी संयोजिका डॉ .वंदना (रैड क्रॉस इंचार्ज )व डॉ. सोनिया दहिया (एन एस एस ऑफिसर )रहे । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पर्वतारोही रामलाल शर्मा जी और उनके सहयोगी ने छात्राओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि देश प्रदेश और जिले को नशा मुक्त बनाना है तो प्रत्येक नागरिक को अपनी जि मेदारी निभानी होगी। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ . अमिता राणा ने कहा कि नशा व अपराध मुक्त समाज के लिए मिलकर कदम उठाएंगे तभी यह मुहिम सार्थक होगी। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी वस्तु का अत्यधिक प्रयोग हमारे लिए घातक हो सकता है चाहे वह मोबाइल फोन और जंक फूड ही क्यों ना हो। प्राचार्या ने छात्राओं को इनका भी बहुत सोच समझ कर उपयोग करने का आह्वान किया क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का आवास होता है उसी से हमारा सर्वांगीण विकास होता है।विद्यार्थी हमारे देश का भविष्य है और इसीलिए भारत की उन्नति के लिए उनका शारीरिक ,मानसिक व भावनात्मक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य व पर 850 छात्राएं उपस्थित रही।

### तरावड़ी व निगदू आंगनबाड़ी में बच्चों के साथ मनाया ईसीसीईडे



**नीलोखेड़ी न्यूज)।** निगदू में सीमा गर्ग के आंगनवाड़ी सेंटर पर तरावड़ी में रमा के सेंटर में बच्चों व महिलाओं सहित ईसीसीईडे मनाया गया। यह डे मास में होने वाले बच्चे के जन्मदिन को पंजीरी का केक बना कर मनाया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी माताए अपने-अपने बच्चों को समय अनुसार, साफ-सुथरे कपड़े में व नाखून कटे हो ।उनके खान-पान का भी याल रखना अति आवश्यक है। अगर आप अपने बच्चों का अच्छी प्रकार से याल रखेंगे तो वह होने वाली बीमारियों से बच पाएंगे। प्रत्येक आंगनबाड़ी में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। लेकिन यह तभी सफल होंगे जब आपकी सहभागिता साथ में होगी। इस अवसर पर सुपरवाइजर पूनम शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की बाल अवस्था को लेकर के बहुत से क्रियाकलाप करवाए जा रहे हैं जो की प्रारंभिक ज्ञान व शिक्षा को लेकर के बहुत लाभदायक है।

### प्राचीन दक्षिणी हनुमान मंदिर में 23वां त्रयोदशी महोत्सव संपन्न

**कैथल** कैथल के रेलवे गेट स्थित प्राचीन दक्षिणी हनुमान मंदिर में सिद्ध बाबा लक्ष्मण पुरी महाराज जी की दिव्य प्रेरणा से 23वां मासिक शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी महोत्सव श्रद्धा और भक्ति से संपन्न हुआ। अ यागत कुटिया में आयोजित इस पावन अवसर पर प्राचीन वृद्धकेदारेश्वर भगवान शिव का विशेष पूजन-अर्चन और प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद अर्पित किया गया, जिसे ग्रहण कर सभी ने भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव के वैदिक मंत्रोच्चार और अभिषेक से हुआ। भक्ति से ओतप्रोत वातावरण में गूंजते हुए भजनों और कीर्तन ने हर मन को शिवमय कर दिया। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ ने भक्ति भाव के साथ भगवान शिव का स्मरण किया और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। खीर प्रसाद के भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान शिव के प्रसाद का आनंद लिया। मंदिर समिति के समर्पित सदस्यों और स्वयंसेवकों ने सेवा भाव के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। मंदिर समिति ने बताया कि यह मासिक आयोजन न केवल भक्ति की अभिव्यक्ति है, बल्कि समाज में सेवा, समर्पण और परोपकार की भावना को जागृत करने का एक प्रयास भी है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं, दानदाताओं और सेवकों का हृदय से आभार प्रकट किया, जिनके सहयोग से यह आयोजन इतने भव्य और सुंदर रूप में संपन्न हुआ। इस भक्ति पूर्ण आयोजन में मंदिर समिति के सदस्यों काकु सलूजा, यशपाल सलूजा, रमेश गुलाटी, राम मदान, तुषांत मक्कड़, नवीन कुमार, विनोद सचदेवा, कुलदीप, कृष्ण कुमार, भुरा, मिन्टू, दीपक कुमार, कपिल, और बाला जी (बर्तन वाले) ने विशेष योगदान दिया।

### स्टेम मेले में विद्यार्थियों ने अपने मॉडल व पोस्टर प्रस्तुत किए

**इन्द्री** उपमंडल के गांव कलसौरा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में स्टेम मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मु य अतिथि के तौर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ा के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अशोक कुमार व प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता एबीआरसी डॉ. बारु राम ने की। इस मौके पर पीजीटी रणदीप, टीजीटी राजेश कुमार, विज्ञान अध्यापक गौरव कुमार, गणित अध्यापक अनिल कुमार ने समन्वय व मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गणित व विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रकार के मॉडल व पोस्टर प्रस्तुत किए। स्टेम गतिविधियों के माध्यम से विज्ञान व गणित के जटिल विषयों को सरलता से समझाने पर जोर देता है। मु य अतिथि ने बच्चों के सभी मॉडल व पोस्टर्स का निरीक्षण किया व इसकी सहायक सामग्री के तौर पर उपयोगिता पर प्रकाश डाला। सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार ने मु य अतिथि व बच्चों का धन्यवाद किया।

# एक हजार से अधिक मरीजों को मुफ्त स्वास्थ्य परामर्श सेवाएं देने का लक्ष्य: डा. नैत्रपाल

## पहले दिन शिविर में डेढ़.सौ मरीजों ने लाभ उठाया




**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** में डा. नैत्रपाल रावल अस्पताल में शहर की सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से दस फरवरी को मैगा स्पेशिलिटी मैडीकल चैकअप कैंप शुरू हुआ। इस शिविर में पहले दिन डेढ़ सौ से अधिक मरीजों ने फायदा उठाया। इस शिविर के माध्यम से डेढ़ हजार से अधिक लोगों तक स्वस्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएंगी। शिविर दस मार्च तक चलेगा। इस शिविर में फ्री ओ.पी.डी, और परामर्श सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसा शिविर में रियायती दरों पर टैस्ट, सर्जरी तथा अन्य सेवाएं दी जा रही हैं। यह जानकारी देते हुए अस्पताल के प्रमुख डा. नैत्रपाल रावल ने बताया कि इस शिविर में सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक तथा शाम पांच बजे से सात बजे तक प्रतिदिन चलेगा। । इस शिविर में लैप्रोस्कोपिक सर्जन डा. प्रवीण गर्ग,न्यूरो सर्जन डा. लोकेश महाजन , आर्थोपेडिक सर्जन शशांक अग्रवाल, प्लास्टिक सर्जन डा. गिरीश शर्मा अपनी सेवाएं दें रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह शिविर अस्पताल की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि इस शिविर में दिमाग हड्डियों त्वचा और सर्जरी से संबंधित मरीजों का परीक्षण किया जा।रहा ळै। इस शिविर के माध्यम से समाज के जरूरतमंद मरीजों को क्रिटीकल रोगों से सेवाएं दी जाएंगी। इस अवर पर उन्होंने कहा कि दूरदराज के मरीजों को सेवाएं देने के लिए प्रति रविवार आउट डोर शिविर लगाया जाएगा। इस मौके पर इस शिविर में लैप्रोस्कोपिक सर्जन डा. प्रवीण गर्ग,न्यूरो सर्जन डा. लोकेश महाजन , आर्थोपेडिक सर्जन शशांक अग्रवाल, प्लास्टिक सर्जन डा. गिरीश शर्मा डा. श्रुति गर्ग ने भी जानकारी दी।

# नगर निकाय चुनाव के नामांकन हुए शुरू:- उत्तम सिंह

## 17 फरवरी तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक राजपत्रित अवकाश को छोड़कर सभी कार्यदिवस में दाखिल हो सकेंगे नामांकन।

**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि नगर निकाय चुनावों की नामांकन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है, उन्होंने बताया कि मंगलवार को मेयर पद तथा निगम पार्षद के लिए कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि नगर निकाय चुनाव की घोषणा के अंतर्गत संबंधित नगर निकायों में आदर्श आचार संहिता लागू है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि करनाल नगर निगम के मेयर पद और सभी 20 वार्डों के पार्षद सदस्यों के चुनाव के लिए एडीसी यश जालुका को रिटर्निंग अधिकारी लगाया गया है। डीसी उत्तम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान 2 मार्च को करवाया जाएगा। वहीं मतगणना 12 मार्च को करवाई जाएगी। नगर निगम चुनाव के लिए प्रत्याशी 17 फरवरी तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक राजपत्रित अवकाश को छोडकर. सभी कार्यदिवस पर नामांकन दाखिल करवा सकेंगे। 18 फरवरी को नामांकन की जांच का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम चुनाव के लिए आवेदन करने वाले प्रत्याशी 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। 19 फरवरी को दोपहर तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लडने. वाले प्रत्याशियों व मतदान केंद्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। वहीं 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी।

**यहां हो रहे है नामांकन -** करनाल नगर निगम मेयर निर्वाचन हेतु वार्ड 1 से 20 तक करनाल की उपायुक्त कार्यालय कोर्ट रूम में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम घरौंडा राजेश कुमार नामांकन ले रहे है।

# 14 फरवरी को 154 किवंटल सरसों की खल की खुली बोली एक बार के लिए होने जा रही है



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** जिला जेल अधीक्षक संजीव बुद्धवार ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 फरवरी को 154 किवंटल सरसों की खल की खुली बोली एक बार के लिए होने जा रही है। जो भी बोलीदाता बोली देना चाहता है वह 14 फरवरी को प्रातः10 बजे जिला कारागार पानीपत पहुंचकर अपनी बोली दे सकता है। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति बोली देगा उसे 20 हजार रुपए सिक्योरिटी साथ जमा करवानी होगी। जिस बोलीदाता के रेट स्वीकृत होंगे उसको छोडक? अन्य सभी की सिक्योरिटी वापिस कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिस बोलीदाता के रेट सबसे ज्यादा होंगे उसके रेट की स्वीकृति दी जाएगी। न्यूनतम रेट 2300 रुपए प्रति क्विंटल होगा।

# शिविर में एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला

➩ चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ



**ढांड।** चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड डडवाना, कैथल में प्राचार्या डॉ. संगीता शर्मा के मार्ग निर्देशन से 10 से 16 फरवरी तक सात दिवसीय एन.एस.एस शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का आयोजन एन.एस.एस. इकाई 1 व दो की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. मीना रानी व डॉ. कमलेश द्वारा किया गया है। शिविर के प्रथम दिन कार्यक्रम का शुभारंभ मु य अतिथि डॉ. आनंद कुमार (एन.एस.एस. प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र) द्वारा शिविर के उद्घाटन से किया गया। इसके पश्चात् मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलन किया गया व छात्राओं द्वारा एन.एस.एस. गीत गाया गया। डॉ. आनन्द कुमार ने एन.एस.एस. के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि एन.एस.एस. समाज और युवाओं की भूमिका को बल प्रदान करता है। उन्होंने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक शिविर नहीं बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और समाज की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। कार्यक्रम की शुरुआत में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस दौरान स्वयंसेवक विभिन्न सामाजिक और सेवा कार्यों में भाग लेंगे, जिनमें स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, विस्तार व्या यान और अन्य समाजोपयोगी गतिविधियां शामिल रहेंगी। उन्होंने विद्यार्थियों को शिविर के महत्व को समझाते हुए, इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की और यह सब कार्य महाविद्यालय द्वारा एन.एस.एस. के दौरान गोद लिए गए गांव सलीमपुर मदुद में करवाई जाएगी। महाविद्यालय की प्राचार्या ने अपने संबोधन में एन.एस.एस. कैंप की उपयोगिता एवं इसके महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने विभिन्न सामाजिक समस्याओं जैसे स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, पर विद्यार्थियों को जागरूक किया।

# अनुशासन और संयम सफलता का आधार: डॉ.रणजीत फुलिया

➩ छात्रों के लाभार्थ विशेष पुनरावृत्ति कार्यक्रम का आयोजन किया



**करनाल।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बात्ता में नौवीं कक्षा से बारहवीं कक्षा के छात्रों के लाभार्थ एक विशेष पुनरावृत्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अंग्रेजी विषय के विभिन्न पहलुओं पर शिक्षाविद और समाजसेवी डॉक्टर रणजीत सिंह फुलिया ने मार्गदर्शन किया।

इस विद्यालय में डॉक्टर रणजीत का यह पहला कार्यक्रम था। उन्होंने अंग्रेजी के विभिन्न पहलुओं--सामान्य शब्दावली, अंग्रेजी व्याकरण, आर्टिकल्स, टैंस तथा संप्रेषण कला पर छात्रों को विस्तार से समझाया, इन विषयों पर छात्रों से प्रश्न भी पूछे तथा सटीक और सारगर्भित उत्तर देने वाले छात्रों को स मानित भी किया। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी भाषा में निपुणता प्राप्त करने के लिए ध्यान से सुनने, पढने , लिखने और बोलने की विधाओं में पारंगत होना जरूरी है। अनुशासन और लग्न ही जीवन में सफलता दिलाते हैं, अत~ उन्होंने छात्रों को समाज में अनुशासित और संयमित होकर बेहतरी के लिए कार्य करने की सलाह दी। डॉ. रणजीत ने सामान्य शब्दावली तथा प्रशासनिक शब्दावली से कुछ कठिन शब्दों के अंग्रेजी अर्थ और सही स्पैलिंग भी पूछी और उन्हें याद करने की विधियां भी बताई। छात्रों को अंग्रेजी में अपना परिचय देना भी सिखाया गया तथा कुछ छात्रों ने स्वयं बोलकर अ यास भी किया। संप्रेषण कला में निपुण बनने के लिए एक कर्मठ छात्रा मन्नत की वीडियो भी दिखाई गई। अंग्रेजी प्राध्यापक बलदेव ने कार्यक्रम का समन्वय किया। उन्होंने छात्रों को बताया कि डॉक्टर रणजीत फुलिया हरियाणा और आसपास के आठ राज्यों में 1,000 से अधिक स्कूलों में छात्रों को नि शुल्क मार्गदर्शन देकर शिक्षा की अनूठी और निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं।

**प्रतियोगिता**

## डीएवी स्कूल में आयोजित हुई तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता

# प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कार देकर किया स मानित



**पूंडरी** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल पूंडरी में 3 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आज शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्या साधना ब शी ने की। इस मौके पर प्राचार्या एवं शारीरिक प्राध्यापक सुशील कुमार का स्कूल स्टॉफ की तरफ से बुके देकर स्वागत किया।

इस मौके पर कक्षा चौथी से लेकर 7वीं कक्षा के विद्यार्थियों की 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर रेस करवाई गई। बच्चों ने पूरे जोश के साथ रेस में भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल 13 फवरी को होगा, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को स मानित भी किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान मंच का संचालन योगा कोच दिलबाग ने किया। इसके अलावा आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी बच्चों को प्रोजैक्टर पर दिखाया गया। प्रधानमंत्री बच्चों से परीक्षा पे चर्चा को लेकर संवाद कर रहे थे। बच्चों द्वारा लाइव प्रसारण देखना रोमांच भरा था। इस मौके पर शारीरिक शिक्षिका कोमल, अमित पी.टी.आई. सहित स्कूल का पूरा स्टॉफ भी मौजूद रहा।

## विद्यार्थियों ने संविधान सभा के निर्माण से लेकर संविधान बनने तक की गतिविधियों में भाग लिया



**पूंडरी** डीएवी कॉलेज, पूण्डरी में राजनीति विज्ञान परिषद द्वारा गणतंत्र के 75वे वर्ष के उपलक्ष्य में सप्ताहिक कार्यक्रम स पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने संविधान सभा के निर्माण से लेकर संविधान बनने तक की गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम के अन्तिम दिन तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशवजीत सिंह ने सभी विद्यार्थियों से सविधान स बन्धी जानकारी आम लोगो के सांझा करने की अपील की और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया। वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रम के लिए सभी विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रेरित किया और शुभकामनाएँ दी।

## महाबीर प्रसाद जैन एक संवेदनशील इंसान थे: डा. अरविंद शर्मा

# सहकारिता, कारागार विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने समाजसेवी महाबीर प्रसाद जैन के निधन पर निवास पर पहुंच कर सांत्वना दी




**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** सहकारिता, कारागार विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि कि मध्यप्रदेश के समाजसेवी महाबीर प्रसाद जैन ने हमेशा समाज की चिंता की। उन्होंनेकहा कि वह खुद महाबीर प्रसाद जी जैन से मिल चुके हैं। वह उनकी कार्यकुशलता और सवेंदनशीलता के कायल रहे। वह आज समाजसेवी महाबीर प्रसाद जी जैन के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके पुत्र तथा पत्रकार शैलेंद्र जैन के निवास पर पहुंचेद्ध उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि दुख की घड़ी में वह इस परिवार के साथ हैं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा पत्रकारों के साथ हैं। उन्होंने इस अवसर पर कई पारिवारिक विषयों पर बात की। वहां पर उन्होंने श्रीमती रेनू जैन और मोहित जैन स बात की। उन्होंने कहा कि वी भी स्वर्गीय जैन का आशीर्वाद ले चुके हैं। उनके साथ राजनेता समाजसेवी और अन्य जन मौजूद थे।

CMYK

# पैर फिसलने से युवक की मौत

## बचाने का प्रयास कर रहा चचेरा भाई भी बाल-बाल बचा

■ कोंच

बंबा किनारे बाथरुम कर रहे युवक का पैर फिसल गया जिससे बह बंबा में गिर का डूब गया। उसको बचाने गया उसका चचेरा भाई भी डूबते डूबते बचा। बताया गया कि परिवार के लोग ग्राम मनोहरी में पूजा करने गए थे। पूजा के बाद वह पास से निकले बंबा के किनारे बाथरुम करने गया था तभी उसका पैर फिसल गया डर बह बंबा में गिर गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला तिलक नगर नरिया निवासी अरविंद जाटव ऊम्र 39 वर्ष अपने परिजनों को लेकर पूजा करने ग्राम मनोहरी में घटोई बाबा के स्थान पर गया था। तभी पूजा के बाद वह पास से निकला बंबा किनारे बाथरुम करने लगा तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह बंबा में गिर गया। वहां मौजूद उसका चचेरा भाई अशोक जाटव उसे बचाने के लिए बंबा में कूद गया लेकिन बंबा में गहरे गहरे गड्ढो में वह भी फंस गया। उसको डूबता देख वहां मौजूद कुछ युवक भी कूद गए और अशोक को बचा लिया लेकिन अरविंद अचेत अवस्था में कुछ देर बाद मिला। तत्काल उसे नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि मृतक के तीन बच्चे भी हैं। मृतक सर्राफा बाजार में रेडीमेड कपड़ों की दुकान किए था।




# शव यात्रा पर मधुमक्खियों का हमला तकरीबन डेढ़ दर्जन लोग घायल

■ कोंच

तहसील क्षेत्र के ग्राम घुसिया में शवयात्रा पर मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। जिसमे डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

ग्राम घुसिया निवासी जयराम कुशवाहा की पत्नी लल्लाबेटी का निधन हो गया था। सोमवार को दोपहर उनकी शव यात्रा घर से उनके खेत पर जा रही थी। शव यात्रा पास में स्थित उनके खेत पर पहुंची ही थी तभी गांव के बाहर नर्सरी के पास लाखों की संख्या में मधुमक्खियों ने अचानक शव यात्रा पर हमला बोल दिया। मधुमक्खियों के झुंडों ने जब लोगों पर हमला बोला तो वहां अफरा तफरी मच गई और लोग शव को छोड़ कर यहां वहां जान बचाकर भागने लगे। कुछ लोगों ने खेतों में खड़ी फसलों में लेट कर अपनी जान बचाई। एक से डेढ घंटे तक मधुमक्खियों का उत्पाद चलता रहा और करीब दर्जन भर लोगों को मधुमक्खियों ने डंक मारकर घायल कर दिया। जब मधुमक्खियां शांत हुई उसके बाद लोगों ने खेतों में पड़े लोगों को उठा कर नगर के सीएचसी व निजी अस्पतालों में भर्ती कराया। इसके साथ ही मौके पर बचे करीब दर्जन भर लोगों ने महिला का अंतिम संस्कार दूसरे खेत में किया। बताया गया है कि लगभग आधा सैकड़ा लोगों को मधुमक्खियों ने काटा है जिसमें आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मुखाग्नि दे रहे महिला के पति जयराम भी बुरी तरह घायल हो गए और उन्हें नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### आधा दर्जन से अधिक वारंटियों को पुलिस ने दबोचा

**कोंच।** वारंटी पकडो अभियान के तहत कोतवाली में दर्ज मामलों में वारंटी चल रहे 8 अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। धारा 147, 148, 323, 506 में दर्ज मामले के अभियुक्त उमाशंकर पुत्र गयाराम, धर्मवीर पुत्र गयाराम, दयाशंकर पुत्र गयाराम निवासी ग्राम लौना, धारा 323, 325, 504, 506 और एससीएसटी एक्ट में दर्ज मामले के अभियुक्त प्रदीप यादव पुत्र मूलचंद्र निवासी तिलक नगर कोंच, धारा 434 में दर्ज मामले के अभियुक्त अंजनी पुत्र मोतीलाल, अरुण पुत्र मोतीलाल, मेवालाल पुत्र गणेशप्रसाद, शिवराम पुत्र गणेशप्रसाद निवासीगण ग्राम कैंथी और धारा 323, 504, 506 में दर्ज मामले के अभियुक्त प्रदीप यादव पुत्र मूलचंद्र निवासी तिलक नगर कोंच को.मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया ।पुलिस द्वारा उपरोक्त सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

### कोटेदार द्वारा की जा रही घटतौली की ग्राहक ने एसडीएम से शिकायत की

**कोंच।** महिला कोटेदार द्वारा महिला ग्राहक के साथ घटतौली और अभद्रता करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पीड़ित महिला द्वारा मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी से लिखित रूप से की गयी है ।इस संबंध में एसडीएम ज्योति सिंह का कहना है कि मामले की जांच पूर्ति निरीक्षक से करायी जायेगी, जांच में यदि शिकायत सही पायी गयी तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी ।जानकारी के अनुसार कांशीराम कालोनी निवासी महिला सितारा पत्नी रमजानी ने बताया कि कालोनी के पीछे स्थित सरकारी कोटा पर वह रविवार को खाद्यान्न सामग्री लेने गयी हुई थी। महिला कोटेदार द्वारा चावल में 3 किलो और गेंहू में 2 किलो की घटतौली की जा रही थी ।शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि जब उसने विरोध किया तो कोटेदार ने उसके साथ अभद्रता की जिसका उसने वीडियो भी बनाया है।

### तेज रफ्तार कार ने साईकिल में मारी टक्कर

**कोंच।** सर्किल के नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गिदवासा के पास सड़क पर एक तेज रफ्तार अल्टो गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से साइकिल से टकरा गई जिसके चलते चारा काट कर घर जा रहा साइकिल सवार भगवान दास प्रजापति उम्र 60 वर्ष पुत्र आसाराम निवासी ग्राम गिदवासा बुरी तरह घायल हो गया। वहीं गाड़ी चालक गाड़ी छोड़कर मौके से भाग गया। राहगीरों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नदीगांव में भर्ती कराया गया जहाँ से उसे गंभीर हालत में मेडिकल कालेज उरई के लिए रिफर कर दिया गया।

### 151 मीटर लंबी चुनरी व 351 भव्य कलश यात्रा में भक्तों का सैलाब उमड़ा



**जालौन-उरई।** नगर में प्रतिवर्ष चुनरी व कलश यात्रा निकाली जाती है। सातवीं बार मां नव दुर्गा नगर सेवा समिति द्वारा निकली गई 151 मीटर लंबी चुनरी व 351 भव्य कलश यात्रा में भक्तों का सैलाब उमड़ा। जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए कामांक्षा देवी मंदिर पहाड़पुरा पहुंची। भंडारे के साथ यात्रा का समापन हुआ। साथ ही जगह जगह यात्रा का स्वागत किया गया। नगर से पिछले सात वर्षों से लगातार चुनरी व कलश यात्रा निकाली जा रही है। गुप्त नवरात्र के समापन पर नगर में 151 मीटर लंबी चुनरी व 351 कलश यात्रा निकाली गई। पुष्पेंद्र सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस धार्मिक आयोजन को लेकर लोगों में जमकर उत्साह दिखा। बड़ी माता मंदिर से शुरू हुई चुनरी व कलश यात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में महिला पुरूष भक्त पहुंचे। डीजे पर बज रहे देवी गीतों की ध्वनि पर भक्त थिरकते हुए और जयकारे लगाते हुए आगे बड़ रहे थे। बड़ी माता, छोटी माता, काली माता मंदिर से देवनगर चौराहे होकर यात्रा कामांक्षा माता मंदिर पहाड़पुरा के लिए चली गई। 151 मीटर लंबी चुनरी जिस मार्ग से निकली उसी मार्ग पर यातायात बंद हो गया और लोग मां के जयकारे लगाने लगे। यात्रा का जालौन सेवा समिति के संस्थापक रामराजा निरंजन व अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा नें टीम के साथ स्वागत किया।

### जालौन सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में लगातार शीर्ष स्थान पर काबिज

**जालौन-उरई।** उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड मासिक रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, वही लगातार कई महीनों से शीर्ष स्थान पर काबिज है। यह उपलब्धि जनपद में विकास और राजस्व योजनाओं के त्वरित पारदर्शी एवं प्रभावी रूप से क्रियान्वयन का परिणाम है, जो प्रशासनिक विभागों द्वारा ईमानदारी से सामूहिक प्रयासों के कारण संभव हो सकी। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग प्रदेश के जनपदों में विकास कार्यों, केंद्रीय एवं राज्य की योजनाओं के क्रियान्वयन, और राजस्व से संबंधित कार्यों राजस्व वसूली की गति को ट्रैक करने के लिए एक महत्वपूर्ण मापदंड बन चुका है। जालौन जनपद ने माह जनवरी में प्रदेश रैंकिंग में प्रथम स्थान हासिल कर लगातार जनपद की प्रशासनिक टीम के मेहनत एवं विकास कार्यों को धरातल पर साबित किया है। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को इस सफलता के बाद और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए बधाई देकर प्रेरित किया है। विभागीय अधिकारियों और कार्मिकों की मेहनत के साथ-साथ विकास कार्यों में नागरिकों एवं मा0 जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जालौन में राजस्व और विकास कार्यों के सही क्रियान्वयन और योजनाओं की के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता ने जनपद को लगातार जनवरी 2024 रैंक 18, फरवरी 2024 रैंक 01,मार्च, अप्रेल, मई में इलेक्शन, जून 2024 रैंक 01, जुलाई 2024 रैंक 02, अगस्त 2024 रैंक 03, सितम्बर 2024 रैंक 04, अक्टूबर 2024 रैंक 02, नबंवर 2024 रैंक 15, दिसम्बर 2024 रैंक 01 व जनवरी 2025 में भी प्रथम स्थान पर बरकरार रखा है। यह सफलता जनपद में विकास कार्यों के प्रति मंडलायुक्त महोदय की समीक्षा मार्ग निर्देशन एवं ज़िला प्रशासन की जन समस्याओं को पूर्ण संवेदनशीलता ,पूर्ण जिम्मेदारी, ईमानदारी और पूर्ण पारदर्शिता से कार्यों को दर्शाती है।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान पेट के कीड़ों से छुटकारा, सेहतमंद भविष्य हमारा

## 1 से 19 वर्ष तक के किशोर किशोरियों को क्रमि संक्रमण से बचाने हेतु अभियान, बच्चों को एल्बेडाजॉल की दवा खिलाई

■ उरई



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अन्तर्गत 1 से 19 वर्ष तक के सभी किशोर-किशोरियों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए कृमि मुक्ति अभियान का शुभारम्भ ठाकुर महेन्द्र सिंह पब्लिक स्कूल उरई व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डकोर में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से बच्चों को एल्बेडाजॉल की दवा खिलाकर कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा द्वारा कृमि मुक्ति दिवस अभियान के वारे में अवगत कराया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 फरवरी 2025 को सभी सरकारी, मान्यता प्राप्त व प्राइवेट विद्यालय तथा आंगनबाडी केन्द्रों में पंजीकृत किशोर किशोरियों तथा विद्यालय न जाने वाले 1 से 19 वर्ष किशोर किशोरियों को एल्बेडलाजोल की दवा खिलाई जायेगी। छूटे हुए किशोर किशोरियों को 14 फरवरी 2025 का आयोजित मॉअप दिवस पर दवा खिलाई जायेगी। इस अभियान के अन्तर्गत जनपद में संचालित सभी स्कूलों व आंगनबाडी केन्द्रों के माध्यम से 735900 किशोर किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई जायेगी। गौरीशंकर वर्मा मा0 सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने अपने उड़द्बोधन में कहा कि किशोर किशोरियों के स्वास्थ्य एवं शेक्षिक स्तर में वृद्धि के लिए स्कूल व आंगनबाडी केन्द्रों मे एल्बेडाजॉल की दवा खिलाई जाती है, उन्होंने कहा कि इसकी गंभीरता को समझें और अपने बच्चों को अल्बेंडाजोल खिलाएं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अपने उड़द्बोधन में कहा कि हुक कृमि, व्हिप कृमि, राउण्ड कृमि मनुष्य की आंत में रहते हैं और जिवित रहने के लिए मानव शरीर के जरूरी पोषक तत्वों को खाते हैं। कृमि संक्रमण से पेट दर्द, दस्त, कमजोरी, उल्टी व भूख न लगना आदि लक्षण पाये जाते है। कृमि संक्रमण से बचाव हेतु नाखून साफ और छोटे रखें, हमेसा साफ पानी पीएं, खाने को ढंक कर रखें, साफ पानी से फल व सब्जियों धोएं, अपने हाथ साबुन से धोए विशेषकर खाने से पहले और शौंच जाने के बाद, खुले में शौंच न करें हमेशा शौचालय का प्रयोग करें, जूते पहने, आस-पास सफाई रखें। अभियान के अन्तर्गत 1-2 वर्ष तक बच्चों को आधी गोली 200 एम0जी0 पीसकर, 2-3 वर्ष-1 गोली 400 एम0जी0 पीसकर तथा 3-19 वर्ष-1 गोली 400 एम0जी0 चबाकर खिलाना है। इस कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डा0 वीरेन्द्र सिंह अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा0 देवेन्द्र भिटौरिया, जिला कम्यूनिटी प्रोसेस मैनेजर व विद्यालय की प्रधानाचार्या, शिक्षक / शिक्षिकाऐं एवं बच्चें उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने महिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

## 6 हजार रुपये लेने के मामले में सख्त कार्रवाई जांच कर कार्यवाही के निर्देश

■ उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज जिला महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जच्चा-बच्चा वार्ड, इमरजेंसी वार्ड सहित अन्य वार्डों का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से बात की और उनकी समस्याओं जानी। इस दौरान दो मरीजों ने जिलाधिकारी से शिकायत की कि ऑपरेशन के नाम पर आशा के माध्यम से 6 हजार रुपये दिये गए। मरीजों को बताया गया कि यह राशि खर्च की जाएगी। जब उनके पति अभिषेक त्रिपाठी से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने किसी भी प्रकार की ऑपरेशन के नाम पर 06 हजार रुपये की धन राशि खर्च नही की गई बताया। जिलाधिकारी ने फिर भी इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जांच कर दो दिन के अंदर इस मामले की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर जांच में किसी आशा, नर्स या सीएमएस की संलिप्तता पाई जाती है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी दौरान एक महिला मरीज को काफी देर से भर्ती न करने की शिकायत की जिसे त्वरित बार्ड में भर्ती कराया गया और सख्त निर्देशित किया कि इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। जिलाधिकारी ने वार्डो में साफ-सफाई का अभाव पाया और संबंधित अधिकारियों को तुरंत सफाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, और अस्पताल परिसर की स्वच्छता में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, सीएमएस सुनीता बनौधा, आदि सहित संबंधित अधिकारी व चिकित्सक मौजूद रहे।

# पालिका ने कई मोहल्ले में चलाया स्वच्छता अभियान

■ कालपी-उरई

नगर पालिका परिषद कालपी के अध्यक्ष अरविंद सिंह राठौर के निर्देशन में पालिका के कर्मचारियों के द्वारा कई अलग-अलग स्थानों में जेसीबी मशीन से मेन नाले - नालियों से कूड़ा कचरा हटाकर सफाई अभियान चलाया गया।

विदित हो कि स्थानीय नगर के मुहल्ला रामगंज में जलील ठेकेदार के घर के तिराहे के मेन नाले में गंदगी का साम्राज्य बना हुआ था। नाले में कचरा का ढेर होने की वजह से पानी के निकास में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इसी को दृष्टिगत रखते हुए पालिका के सफाई प्रभारी शिशुपाल सिंह यादव पप्पी की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से नाले का कचरा हटाया गया। इसी प्रकार मोहल्ला राम चबूतरा में भी नालियों की सफाई की गई। मैहर रोड में सड़क के किनारे की दोनों तरफ नालियों में कचरे के जमाव को हटाकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। बताते हैं कि कई स्थानों में नालियों में घरों का कचरा कूड़ा फेंक दिया जाता है। इस वजह से नालियों में जल निकासी के समस्या पैदा हो जाती है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला तथा अवर अभियंता प्रवीण कुमार मौर्य ने घूम-घूम कर स्वच्छता अभियान की व्यवस्था को जायजा लेकर स्लीपरों को नगरी सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों से अपील किया की है कि अपने-अपने घरों का कूड़ा कचरा नालियों में न फेक इससे जल निकासी में दिक्कतों पैदा होती है। उन्होंने सफाई व्यवस्था के लिए नागरिकों से भी सहयोग करने की अपील की है।

# नहर में पानी कम आने से किसानों को सिंचाई में दिक्कत

■ जालौन-उरई

फसल की सिंचाई के लिए नहर में पानी कम आने से किसानों को सिंचाई में दिक्कत होती है। सरकारी नलकूप के लिए सर्वे होने के बाद भी नलकूप का निर्माण नहीं हो रहा है। किसान ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर नलकूप का निर्माण कराने की मांग की है।

बाबई निवासी राजीव कुमार, रामदयाल आदि ने डीएम राजेश पांडेय को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उनकी खेती महिया कमलपुर मौजे में स्थित है। इस मौजा में नहर का पानी काफी कम आता है। जिससे फसल की सिंचाई नहीं हो पाती है। जिससे फसल की पैदावार कम होती है। कई बार पानी न मिलने से फसल नष्ट तक हो जाती है। नलकूप निर्माण के लिए किसान कई सालों से मांग कर रहे हैं। बताया कि इससे पूर्व शिकायत में उनके द्वारा नलकूप निर्माण खंड को आदेशित किया गया था। जिसके बाद सर्वे भी हो चुका था। लेकिन इसके बाद प्रक्रिया आगे नहीं बड़ी और आज तक नलकूप निर्माण के नाम पर कुछ नहीं हुआ है। किसानों ने डीएम से किसानों के हित को देखते हुए मौजा महिया कमलपुर में नलकूप का निर्माण कराने की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने पियानिरंजनपुर गौशाला का किया निरीक्षण

## कहा- पशुओं की देखभाल, चिकित्सा सुविधा और स्वच्छता को लेकर विशेष ध्यान दे

■ उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ग्राम पंचायत पियानिरंजनपुर स्थित गौशाला का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में मौजूद गोवंश की स्थिति का अवलोकन किया और उनके चारे-पानी की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने गौशाला में पशुओं की देखभाल, चिकित्सा सुविधा और स्वच्छता को लेकर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही, उन्होंने गौशाला में हरे चारे की निरंतर आपूर्ति और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि गौशाला में गोवंश की संख्या के अनुसार चारे की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। यदि किसी भी प्रकार की कमी हो तो तत्काल उसे पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि गौशाला में पशुओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच होनी चाहिए और बीमार पशुओं का तत्काल उपचार सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने गौशाला की स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि गौशाला में नियमित रूप से सफाई की जाए और गोबर व अन्य अपशिष्ट पदार्थों का उचित प्रबंधन किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गौशाला की व्यवस्था में कोई लापरवाही न हो। उन्होंने गौशाला में चरही और टीनशेड लगाए जाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अवस्थी, डीडीओ महेंद्र चौबे, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 'सरकार ने आने वाली पीढ़ियों पर कर्ज लादा'

## कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने केंद्रीय बजट के कई पहलुओं को लेकर सरकार पर निशाना साधा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने केंद्रीय बजट के कई पहलुओं को लेकर सोमवार को सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इस सरकार ने भारत की आने पीढ़ियों पर भी कर्ज का बोझ लाद दिया है।

उन्होंने लोकसभा में बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि दुनिया में कई आर्थिक विचार रहे जो परिवर्तनकारी साबित हुए, लेकिन इस सरकार का सबसे बड़ा विचार 'नोटबंदी' अपने एक भी उद्देश्य को पूरा नहीं कर सका। तिवारी के अनुसार, आज भारतीय अर्थव्यवस्था में नकदी का चलन 35.99 लाख करोड़ रुपये है, जबकि नोटबंदी के समय यह राशि 16 लाख करोड़ रुपये से अधिक ही थी। कांग्रेस सांसद ने कहा कि वर्ष 2024-25 में वित्तीय घाटे में मामूली कमी आई है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने बहुत ही चतुराई से वित्तीय घाटे के मापने के तरीके को बदल दिया। उन्होंने सदन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मौजूद नहीं होने पर सवाल उठाया और दावा किया कि यह सदन की परंपरा के अनुरूप नहीं है। इस पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि वित्त मंत्री राज्यसभा में हैं। तिवारी ने कहा कि इस सरकार ने आने वाली पीढ़ियों पर कर्ज का बोझ लाद दिया है। उन्होंने दावा किया कि सरकार द्वारा लगातार उधार लिया जा रहा है और कर्ज बढ़कर 200 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। कांग्रेस सदस्य ने डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट का उल्लेख करते हुए कहा कि अब यह 87 को पार कर गया है जबकि मई, 2014 में यह 58 पर था। तिवारी ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार (संप्रग) सरकार के समय रुपये में गिरावट को लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की उम्र के बारे में टिप्पणी की गई थी। उनका कहना था, ''मैं प्रधानमंत्री की उम्र के बारे में टिप्पणी नहीं करूंगा।'तिवारी ने सवाल किया कि यदि वर्ष 2017 से 2022 तक भारत का कृषि क्षेत्र पांच प्रतिशत बढ़ रहा था तो मनरेगा का बजट क्यों बढ़ता रहा? तिवारी ने कहा, ''इससे स्पष्ट होता है कि भारत के कृषि क्षेत्र में गंभीर संकट है।''

### पंजाब में ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से मादक पदार्थ, हथियार भेजे जाने पर जताई चिंता



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में सोमवार को सदस्यों ने ड्रोन के माध्यम से पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तान द्वारा मादक पदार्थ व हथियार भेजने और बाजारों में खराब गुणवत्ता वाली दवाइयों के कारण लोगों के स्वास्थ पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंता जताई। उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान आम आदमी पार्टी के संदीप पाठक ने कहा कि पंजाब का लगभग 550 किलोमीटर सीमावर्ती क्षेत्र सीधे पाकिस्तान से लगता है और पिछले कुछ सालों से ड्रोन गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में लगभग 50 ड्रोन देखे गए थे और उसके बाद हर साल यह सं या 100 तक पहुंच गई और पिछले साल लगभग 300 के आसपास ड्रोन देखे गए थे। उन्होंने कहा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि बहुत कम ड्रोन मार गिराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''इसका मतलब यह है कि अधिकांश ड्रोन सीमा के इस पार आ जाते हैं और फिर वापस चले जा रहे हैं।'उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इन ड्रोन के माध्यम से 'प्रॉक्सी वॉर' चला रहा है जो बहुत ही गंभीर है। पाठक ने कहा कि यह ना सिर्फ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन रहा है बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों के लाखों लोगों के जीवन को भी प्रभावित कर रहा है। उन्होंने पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराने के लिए उच्च स्तर की प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर बल दिया। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने घटिया दवाइयों का लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे असर को लेकर चिंता जताई। उन्होंने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि देश में 50 दवाइयां घटिया स्तर की बन रही हैं, जिसमें पैरासिटामॉल से लेकर ब्लड प्रेशर, खांसी, मल्टीविटामिन की दवाएं शामिल हैं।

### आय में असमानता, महंगाई व बेरोजगारी को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा

राज्यसभा में विपक्षी दलों ने देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के बीच आय संबंधी असमानता समेत कई मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2025-26 पर चर्चा में भाग लेते हुए द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्य तिरुचि शिवा ने कहा कि केंद्रीय बजट सरकार की प्राथमिकताओं और मंशा को स्पष्ट करता है। उन्होंने कहा, ''बजट केवल खातों का विवरण नहीं है, बल्कि मंशा का भी विवरण है। हमारे प्रधानमंत्री ने इस बजट को विकसित भारत के लिए रोडमैप बताया है। लेकिन आंकड़े बताते हैं कि यह रास्ता केवल एक मृगतृष्णा है।''उन्होंने कहा कि बजट को प्रगति की घोषणा के रूप में पेश किया गया था, लेकिन यह स्थिर विकास, बढ़ती असमानता और बड़े पैमाने पर जनसां यकीय लाभांश आदि समय की वास्तविकताओं को आसानी से ढंक देता है।शिवा ने कहा, ''इस सरकार की नीतियों ने केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को ही समृद्ध किया है, जिससे लोगों का एक वर्ग बेरोजगारी, महंगाई और घटते अवसरों के साथ पीछे रह गया है।'उन्होंने कहा कि देश में एक प्रतिशत लोगों के पास करीब 41 प्रतिशत संपत्ति है तथा अमीर और अमीर होते जा रहे हैं वहीं गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। शिवा ने दावा किया कि केंद्र राज्यों में विभिन्न योजनाओं के लिए समर्थन नहीं दे रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए कम आवंटन को लेकर बजट की आलोचना की। तृणमूल कांग्रेस के सांसद रीताब्रत बनर्जी ने कहा कि हाल के समय में युवाओं में बेरोजगारी दर में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, ''नवीनतम आर्थिक समीक्षा के आंकड़ों से पता लगता है कि स्वरोजगार करने वाले पुरुष श्रमिकों की वास्तविक आय 2017-18 से लगातार घट रही है।' बनर्जी ने कहा कि नौकरी बाजार में अतिरिक्त श्रम और उच्च मुद्रास्फीति ने भारतीय कार्यबल की वास्तविक आय को काफी कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि अकेले राष्ट्रीयकृत बैंकों ने पिछले 10 वर्षों में 12 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंकों को धोखाधड़ी और धन की हेराफेरी के कारण नुकसान उठाना पड़ा है।

## न्यूज डायरी

### अलगाववादी नेता ने जेल में फोन की सुविधा मांगी, अदालत ने किया एनआईए से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को तिहाड़ जेल में फोन कॉल और ई-मुलाकात सुविधाओं को वापस लेने के खिलाफ अलगाववादी नेता नईम अहमद खान की याचिका पर तिहाड़ जेल अधिकारियों और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से उनका रुख पूछा। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने एनआईए और तिहाड़ जेल अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता तारा नरूला ने तर्क दिया कि एनआईए द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिए जाने के बहाने नवंबर 2023 से टेलीफोन सुविधाएं मनमाने ढंग से वापस ले ली गईं। जुलाई 2017 में गिर तार खान, 26/11 मुंबई हमले के मु य साजिशकर्ता हाफिज सईद से जुड़े आतंकवाद-वित्तपोषण मामले में विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में है। अदालत ने एनआईए के वकील से इस सुविधा से इनकार करने पर सवाल उठाया, जबकि कॉल रिकॉर्ड करने जैसे पर्याप्त सुरक्षा उपाय मौजूद थे। एनआईए के वकील ने कहा कि एजेंसी अपना जवाब दाखिल करेगी। अपनी याचिका में खान ने कहा कि दिल्ली जेल नियमों के तहत अन्य कैदियों को दी जाने वाली सुविधा से उन्हें वंचित करने का कोई कारण नहीं है। इस मामले में आगे की सुनवाई 18 मार्च को होगी।

### यूजीसी के मसौदा नियम राज्य विश्वविद्यालयों को अधिक स्वायत्तता देने वाले: प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा तैयार मसौदा भर्ती नियम राज्य विश्वविद्यालयों को अधिक स्वायत्तता और समावेशी विकास प्रदान करते हैं।उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। प्रधान ने यह भी कहा कि मसौदा नियम विश्वविद्यालयों को शिक्षकों की चयन प्रक्रिया में अधिक शक्ति प्रदान करते हैं। प्रधान ने कहा, ''मसौदे नियम राज्य विश्वविद्यालयों को अधिक स्वायत्तता और समावेशी विकास प्रदान करते हैं। मसौदा मानदंड विश्वविद्यालयों को शिक्षकों की चयन प्रक्रिया में अधिक शक्ति प्रदान करते हैं।'उन्होंने कहा, मसौदा नियमों में नियुक्ति और पदोन्नति के लिए पात्रता मानदंड को सरल और व्यापक बनाया गया है। प्रधान ने कहा कि यह राज्य सरकारों को उनके दायरे में आने वाले कॉलेजों में शिक्षकों की चयन प्रक्रिया पर निर्णय लेने का अधिकार देता है।

### एयरो इंडिया में अमेरिकी दूत बोले, अमेरिका-भारत रक्षा सहयोग मजबूत बना रहेगा

**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बृहस्पतिवार को होने वाली मुलाकात से पूर्व नयी दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के प्रभारी जॉर्गन के एंड्रयूज ने सोमवार को विश्वास जताया कि रक्षा सहयोग अमेरिका-भारत द्विपक्षीय संबंधों का एक प्रमुख स्तंभ बना रहेगा। यहां 'एयरो इंडिया 2025 (रक्षा प्रदर्शनी)' में अमेरिकी साझेदारी मंडप का उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने भारत के साथ रक्षा और सुरक्षा सहयोग को गहरा करने में अमेरिका की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, '' वाशिंगटन में नए ट्र प प्रशासन के साथ हमारे अमेरिका-भारत रक्षा सहयोग की शानदार शुरुआत हुई है। (भारत के विदेश मंत्री एस) जयशंकर हमारे राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।'एंड्रयूज के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप पहले ही फोन पर एक बार बातचीत कर चुके हैं और वे बृहस्पतिवार को भेंटवार्ता करेंगे। उन्होंने कहा, '' इसलिए हम इन अवसरों को लेकर बहुत उत्साहित हैं। हमारे पास यह उ मीद करने के लिए हर कारण है कि रक्षा सहयोग अमेरिका-भारत द्विपक्षीय संबंधों का एक प्रमुख स्तंभ बना रहेगा।' उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे देशों के बीच रक्षा व्यापार को और गहरा करने की आवश्यकता पर चर्चा की है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि छोटे स्टार्ट-अप से लेकर मजबूत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और विस्तारित निजी रक्षा क्षेत्र तक, द्विपक्षीय रक्षा व्यापार बढ़ रहा है ।'

### संप्रग के समय 'स्कैम भारत' था, आज मोदी के नेतृत्व में 'सक्षम भारत' है: अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कांग्रेस पर उसके शासनकाल में देश के बजाय एक परिवार को तवज्जो देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के समय देश 'स्कैम भारत' था, जो आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में 'सक्षम भारत' बन गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों में देश में 'कर आतंकवाद' था, लेकिन आज मोदी सरकार ने पहली बार 12 लाख रुपये तक की आय को करमुक्त करके मध्यम वर्ग के करोड़ों लोगों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि लेकिन विपक्ष को न मध्यम वर्ग से मतलब है, न गरीब से और इसलिए इन घोषणाओं पर वह खुश नहीं है। उन्होंने दावा किया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बजट को 'बैंडेज बजट' की संज्ञा दी थी। ठाकुर ने कहा कि यह तो 'बूस्टर शॉट बजट' है। उन्होंने कहा, ''आप (कांग्रेस) घाव पर घाव देते रहे, हमने मरहम लगाया है।'ठाकुर ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय देश में सामने आए 2जी, कोयला और सीडब्ल्यूजी घोटाले आदि का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में 'स्कैम भारत' था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी इसे 'सक्षम भारत' की ओर लेकर आए हैं।

## झुग्गी-झोपड़ियों में लोगों को स्वच्छ पानी नहीं मिल रहा, आप साइकिल ट्रैक के सपने देख रहे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि देश में राज्यों के पास किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए धन नहीं है तथा लोगों के पास पीने का स्वच्छ पानी नहीं है, ऐसी स्थिति में साइकिल ट्रैक के बारे में कल्पना करना ठीक नहीं है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने देश में अलग साइकिल ट्रैक बनाने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की।

उच्चतम न्यायालय ने याचिकाकर्ता से कहा कि उन्हें अपनी प्राथमिकताएं सही रखनी होंगी तथा अन्य अधिक जरूरी मुद्दों पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा, ''झुग्गी-झोपड़ियों में जाइए, पता लगाइए कि लोग किस हालत में रह रहे हैं। राज्यों के पास किफायती आवास मुहैया कराने के लिए पैसे नहीं हैं और हम दिन में सपने देख रहे हैं। लोगों को बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, ऐसे में आप दिन में सपना देख रहे हैं कि साइकिल ट्रैक होना चाहिए। ' पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा, ''हमारी प्राथमिकताएं गलत हो रही हैं। हमें अपनी प्राथमिकताएं सही रखनी होंगी। हमें संविधान के अनुच्छेद-21 के बारे में अधिक चिंतित होना चाहिए। लोगों के पास पीने के लिए साफ पानी नहीं है। सरकारी स्कूल बंद हो रहे हैं और आप साइकिल ट्रैक चाहते हैं?'साइकिल चलाने को प्रोत्साहन देने वाले दविंदर सिंह नागी की ओर से दायर जनहित याचिका में देश भर में साइकिल ट्रैक बनाने की अपील की थी।

## एलआईसी का कर पश्चात लाभ बढ़कर 29,138 करोड़ हुआ

➪ व्यक्तिगत व्यवसाय असहभागी (नॉन पार) एपीई 106.52 प्रतिशत बढ़कर 6,813 करोड़ हो गया

**मुंबई।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के निदेशक मंडल ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त होने वाले नौ महीनों के लिए स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी और अंगीकार किया। नीचे हमारे स्टैंडअलोन परिणामों के मु य अंश दिए गए हैं।

31 दिसंबर, 2024 को समाप्त होने वाले नौ महीनों के लिए कर के बाद लाभ (पीएटी) 29,138 करोड़ रुपये था, जबकि 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त होने वाले नौ महीनों के लिए यह 26,913 करोड़ रुपये था, जिसमें 8.27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। प्रथम वर्ष की प्रीमियम आय (एफवाईपीआई) (आईआरडीएआई के अनुसार) द्वारा मापी गई बाजार हिस्सेदारी के संदर्भ में, एलआईसी 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए 57.42प्रतिशत की कुल बाजार हिस्सेदारी के साथ भारतीय जीवन बीमा व्यवसाय बाजार का अग्रणी बना हुआ है, जबकि 31 दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीनों के लिए यह 58.90 प्रतिशत थी। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए, एलआईसी की व्यक्तिगत व्यवसाय में 37.21त्न और समूह व्यवसाय में 71.70 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी थी। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए कुल प्रीमियम आय 3,40,563 करोड़ रुपये थी, जबकि 31 दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए यह 3,22,776 करोड़ रुपये थी, यानी 5.51त्न की वृद्धि दर्ज की गई। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए व्यक्तिगत नव व्यवसाय प्रीमियम आय 42,441 करोड़ रुपये थी, जबकि 31 दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए यह 38,679 करोड़ रुपये थी, यानी 9.73त्न की वृद्धि दर्ज की गई। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए व्यक्तिगत नवीनीकरण प्रीमियम आय 1,78,975 करोड़ रुपये थी, जबकि 31 दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए यह 1,71,040 करोड़ रुपये थी, यानी 4.64त्न की वृद्धि दर्ज की गई। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए कुल व्यक्तिगत व्यवसाय प्रीमियम पिछले वर्ष की तुलनीय अवधि के 2,09,719 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,21,416 करोड़ रुपये हो गया, जिसमें 5.58त्न की वृद्धि दर्ज की गई। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए समूह व्यवसाय की कुल प्रीमियम आय 1,19,147 करोड़ रुपये थी, जबकि 31 दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए यह 1,13,057 करोड़ रुपये थी, यानी 5.39त्न की वृद्धि दर्ज की गई। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के दौरान व्यक्तिगत रूप से कुल 1,17,10,505 पॉलिसियाँ बेची गई, जबकि 31 दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीने की अवधि के दौरान 1,25,56,046 पॉलिसियाँ बेची गई, यानी 6.73त्न की कमी दर्ज की गई। वार्षिक प्रीमियम समतुल्य (एपीई) आधार पर, 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए कुल प्रीमियम 37,975 करोड़ रुपये था। इसमें से 64.81 प्रतिशत (24,612 करोड़ रुपये) व्यक्तिगत व्यवसाय और 35.19 प्रतिशत (13,363 करोड़ रुपये) समूह व्यवसाय द्वारा हुआ।

## ईएफटीए से 100 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता से 500 अरब डॉलर तक निवेश लाने में मदद मिलेगी: गोयल

➪ कहा, टीईपीए कहे जाने वाले समझौते के इस साल के अंत तक लागू होने की उ मीद

एजेंसी



**नई दिल्ली।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि ईएफटीए समूह की तरफ से जताई गई 100 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता भारतीय पारिस्थितिकी तंत्र में 400-500 अरब डॉलर के निवेश प्रस्तावों को लाने में मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौता (टीईपीए) कहे जाने वाले इस समझौते के इस साल के अंत तक लागू होने की उ मीद है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लीश्टेंस्टाइन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। गोयल यहां ईएफटीए के लिए समर्पित डेस्क का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। इस अवसर पर स्विट्जरलैंड की आर्थिक सचिव हेलेन बुडलिगर आर्टिडा, नॉर्वे के व्यापार एवं उद्योग सचिव टॉमस नॉर्वल, आइसलैंड के स्थायी सचिव मार्टिन इजॉफसन और लीश्टेंटाइन के विदेश मंत्री डोमिनिक हस्लर भी मौजूद थे।

गोयल ने कहा, ''इस समूह से मिली 100 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता के साथ मेरी निजी राय है कि इसके दम पर भारतीय पारिस्थितिकी तंत्र में 400 या 500 अरब डॉलर का समग्र निवेश लाया जा सकता है।' ईएफटीए डेस्क भारत में कारोबार बढ़ाने की इच्छुक ईएफटीए कंपनियों के लिए एक केंद्रीकृत समर्थन तंत्र के रूप में कार्य करेगा। यह डेस्क बाजार की अंतर्दृष्टि एवं नियामकीय मार्गदर्शन, कारोबार मिलान और भारत की नीति एवं निवेश परिदृश्य को समझने में मदद करेगा। ईएफटीए समझौते के तहत भारत को समूह से 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता मिली है। इसमें स्विस घड़ियों, चॉकलेट और कटे एवं पॉलिश किए गए हीरे पर कम या शून्य शुल्क लगाने का भी प्रावधान है। इस भारी निवेश से भारत में करीब 10 लाख रोजगार पैदा होने का अनुमान है। गोयल ने कहा, ''समूह के चारों सदस्य देशों में समझौते की पुष्टि के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं और हमें उ मीद है कि इस साल के उत्तरार्ध में टीईपीए लागू हो जाएगा।'

## बजट 2047 तक भारत को विकसित बनाने के मोदी सरकार के संकल्प का 'रोडमैप'

➪ भाजपा सदस्य दिनेश शर्मा ने बजट को असाधारण रूप से सफल बताया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आम बजट को असाधारण रूप से सफल करार देते हुए कहा कि यह 2047 तक भारत को विकसित बनाने के नरेन्द्र मोदी सरकार के संकल्प का 'रोडमैप' है।

उच्च सदन में आम बजट पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सदस्य दिनेश शर्मा ने बजट को असाधारण रूप से सफल बताया और कहा कि जल्द ही भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बजट शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने वाला है, जिसमें महंगाई पर काबू पाने के भी प्रयास किए गए हैं। शर्मा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उसने कभी भी मध्यम वर्ग का खयाल नहीं किया और मौजूदा सरकार ने इस वर्ग को ध्यान में रखते हुए 12 लाख रुपये तक की सालाना आय को आयकर से मुक्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ने 'रेपो दर' में भी कमी की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि 'रेपो दर' में कमी के क्रमिक प्रभाव होंगे और एक ओर ऋण सस्ता होगा, वहीं बचत और निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। शर्मा ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन किए गए हैं और सरकार ने वित्तीय घाटा पर काबू पाने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि राजकोषीय घाटा लगातार कम हो रहा है और संभव है कि 2030 तक भारत राजस्व अधिशेष (सरप्लस) वाला देश बन जाए।उन्होंने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि वह भाजपा नीत सरकार पर संविधान को खत्म करने तथा आरक्षण को समाप्त करने का आरोप लगा रही थी।

## उमर अब्दुल्ला ने अमित शाह से मुलाकात की, कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर चर्चा की

➪ औद्योगिक और पर्यटन नीतियों में बदलाव पर चर्चा की

एजेंसी



**नई दिल्ली।** ज मू-कश्मीर के मु यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सोमवार को मुलाकात की और उनके साथ केंद्र शासित प्रदेश में कानून-व्यवस्था से संबंधित विभिन्न मुद्दों एवं औद्योगिक तथा पर्यटन नीतियों में बदलाव पर चर्चा की।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच बैठक 30 मिनट तक चली। उन्होंने बताया कि मु यमंत्री ने शाह को हाल की दो घटनाओं - ज मू के कठुआ में एक व्यक्ति की आत्महत्या और उत्तरी कश्मीर के सोपोर में एक ट्रक चालक के जांच चौकी पर नहीं रुकने पर उसे गोली मारने की घटना के बाद ज मू-कश्मीर की स्थिति के बारे में जानकारी दी। चार और पांच फरवरी को हुई इन घटनाओं के बाद मु यमंत्री ने कहा था कि इस तरह की घटनाओं से ''उन लोगों के अलग-थलग पड़ने का खतरा है, जिन्हें हमें सड़क पर सामान्य स्थिति बनाने के लिए अपने साथ लेकर चलना चाहिए।'' अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, ''मैंने इन घटनाओं को केंद्र सरकार के समक्ष उठाया है और कहा है कि दोनों घटनाओं की समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से जांच की जाए। ज मू-कश्मीर सरकार भी इन घटनाओं की जांच का आदेश देगी।''अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को हुई बैठक के दौरान ऐसा माना जा रहा है कि मु यमंत्री ने गृह मंत्री को केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को विश्वास में लेने की जरूरत बताई और कहा कि लोगों के प्रतिनिधि के तौर पर उनकी सरकार को कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अपनी बात कहने का अधिकार होना चाहिए। शाह के कार्यालय ने 'एक्स' पर कहा, ''ज मू-कश्मीर के मु यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।'अधिकारियों ने बताया कि सोमवार की बैठक के दौरान अब्दुल्ला ने गृह मंत्री को उन कारोबारी नियमों के बारे में भी जानकारी दी।

# बिजनेस प्लस

## शेयर बाजार में आई गिरावट सेंसेक्स 548 अंक और लुढ़का

एजेंसी



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 548 अंक लुढ़क गया। अमेरिका की शुल्क लगाने की नई चेतावनी से निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ और बैंक, धातु तथा पेट्रोलियम शेयरों में बिकवाली हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 548.39 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ एक सप्ताह के निचले स्तर 77,311.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 753.3 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मानक सूचकांक नि टी भी 178.35 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,381.60 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका की शुल्क लगाने की नई चेतावनी का बाजार धारणा पर असर जारी है।

बढ़त

### ट्रंप की शुल्क बढ़ाने की चेतावनी से आई तेजी

## सोना 88,500 रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर

एजेंसी



**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुझानों और कमजोर रुपये के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 2,430 रुपये बढ़कर 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका में सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत का नया शुल्क लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक स्तर पर हाजिर बाजारों में सोने ने 2,900 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर को पार कर लिया। आभूषण निर्माताओं और खुदरा कारोबारियों की भारी खरीदारी से भी कीमतों में तेजी आई। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 86,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। स्थानीय बाजारों में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,430 रुपये बढ़कर 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। चांदी की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। कारोबारियों ने कहा कि निवेशक वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश को प्राथमिकता देते हुए शेयर जैसी जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों से पैसा निकाल रहे हैं। एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में अप्रैल डिलिवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 940 रुपये बढ़कर 85,828 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''ट्रंप के धातु उत्पादों पर शुल्क लगाने से व्यापार युद्ध की चिंताएं बढ़ने के चलते सोने में जोरदार तेजी देखी गई।

## लक्जरी घरों की कीमतों में वृद्धि के मामले में 44 शहरों में नई दिल्ली छठे स्थान पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लक्जरी मकानों की कीमतों में बढ़ोतरी के मामले में नई दिल्ली दुनिया के 44 शहरों में छठे स्थान पर है।

राष्ट्रीय राजधानी में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में लक्जरी घरों की कीमतों में औसतन 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक ने सोमवार को अपनी 'प्राइम ग्लोबल सिटीज इंडेक्स चाथी तिमाही 2024' रिपोर्ट जारी की। यह एक मूल्यांकन-आधारित सूचकांक है जो दुनियाभर के 44 शहरों में लक्जरी आवासीय कीमतों पर नजर रखता है। रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर, 2024 में औसत कीमतों में 18.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सियोल (दक्षिण कोरिया) पहले स्थान पर है। उसके बाद 17.9 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर मनीला (फिलिपीन), तीसरे स्थान पर 16.9 प्रतिशत के साथ दुबई, चौथे स्थान पर 12.7 प्रतिशत के साथ तोक्यो (जापान) और फिर पांचवे स्थान पर 8.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ नैरोबी (केन्या) रहा। इसमें कहा गया, '' पिछले 12 महीनों में नई दिल्ली में कीमतों में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

CMYK

संपादकीय

# कुंभ और जाम

**कुंभ में वीआईपी मूवमेंट ने भी समस्या पैदा की है। पुलिस और प्रशासन वीआईपी ट्रीटमेंट लगा रहा, आम आदमी जाम और भगदड़ से जूझता रहा। कुंभ अव्यस्था का शिकार हो गया।**

**विज्ञापन** करके भीड़ को बुलाना आसान है, लेकिन उसे नियंत्रित करना मुश्किल है। जनवरी के अंत में कुंभ के दौरान हुई भगदड़ में यूपी सरकार के मुताबिक 30 लोग मारे गए। हालांकि कुछ लोग मरने वालों की तादाद बहुत ज्यादा बताते हैं। अभी तक लोग अपने परिजनों की तलाश में भटक रहे हैं। बावजूद इसके लोगों का कुंभ में जाना लगातार जारी है। माघी पूर्णिमा के पवित्र अवसर पर संगम में स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में लोग प्रयागराज के लिए निकल पड़े। भीड़ इतनी हो चुकी है कि प्रयागराज अपने इतिहास के सबसे भयावह जाम का सामना कर रहा है। सिर्फ प्रयागराज ही नहीं, कई अन्य शहर भी भयानक जाम से जूझ रहे हैं। पुलिस-प्रशासन लोगों से अपने घरों को लौट जाने की अपील कर रहे हैं, लेकिन आस्था ऐसी कि कोई भी पीछे जाने को तैयार नहीं है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि कुंभ के लिए 45 करोड़ लोगों के लिए तैयारियां की गईं हैं, लेकिन अगर 100 करोड़ श्रद्धालु भी आ गए तो परेशानी नहीं होगी। हो क्या रहा है, यह सब दिख रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि महाकुंभ के लिए जो तैयारियां की गईं थीं, वह कम पड़ गईं। लेकिन यूपी सरकार और मेला प्रशासन नहीं मानेगा कि उनसे चूक हुई है। दरअसल, कुंभ की तैयारियों को बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया गया। इससे प्रभावित हो कर लोग बेतहाशा तादाद में कुंभ गए। सरकार को भी अंदाजा नहीं होगा कि इतनी बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे। रह सही कसर वीआईपी मूवमेंट ने पूरी कर दी। पुलिस और प्रशासन वीआईपी ट्रीटमेंट लगा रहा, आम आदमी जाम और भगदड़ से जूझता रहा। अगर वीआईपी बड़ी तादाद में कुंभ नहीं पहुंचते तो संभवतः इतनी समस्या नहीं होती। ट्रैफिक जाम होने से सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को होती है। खाना जो साथ लेकर चले थे, वह खत्म हो जाता है। समस्या शौचालयों की भी आती है। कई-कई घंटे जाम में फंसे रहने वालों को दूसरी और कई तरह की समस्याएं आती हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार नौ फरवरी तक 44 करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा चुके हैं। अकेले सोमवार यानी 10 फरवरी को को सुबह 10 बजे तक 63 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। ये आंकड़ा सरकार के पास कैसे आता है, यह समझ से परे है। डुबकी लगाने वालों की संख्या 44 करोड़ तक पहुंच गई है। 45 करोड़ के दावे में महज एक करोड़ की कमी है। यह भी आने वाले दिनों में पूरी जाएगी। शायद 50 करोड़ तक पहुंच जाए।

पाठकवाणी

## इंडिया गठबंधन का भविष्य

इंडिया गठबंधन का दिल्ली में बीजेपी की जीत के बाद क्या भविष्य होगा, इस पर बड़ी बहस शुरू हो गई है। इंडिया गठबंधन में बिखराव की शुरूआत मध्य प्रदेश,राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव से ही शुरू हो गई थी जिसकी परिणीति दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम के रूप में देखने को मिली है। लोकसभा चुनाव के बाद से ही इंडिया गठबंधन बिखराव की स्थिति में आ गया था। दिल्ली के चुनाव परिणाम के बाद नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने ट्वीट कर कहा कि और लड़ो आपस में उन्होंने विपक्षी नेताओं को नसीहत दी है। विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी भी इस मुगालते में थी कि वे दोबारा सत्ता में आएंगे और दिल्ली की जनता बहुमत देगी। इसकी बड़ी वजह थी अखिलेश यादव और ममता बनर्जी का साथ खड़े होना। कांग्रेस भी इस भ्रम में थी कि 11 साल के बाद दिल्ली की जनता जरूर कांग्रेस का साथ देगी। चुनाव परिणाम के बाद इंडिया गठबंधन के बिखराव का रास्ता और स्पष्ट दिखाई देने लगा है। कांग्रेस को चिंता यह भी करनी चाहिए कि बीजेपी को त्रिकोणीय मुकाबला में नहीं हराया जा सकता है। अब यह स्पष्ट है कि जब तक क्षेत्रीय और समान विचारधारा वाली पार्टियों को एक मंच पर नहीं लाया जाएगा और बड़ी कार्य योजना तैयार नहीं की जाएगी तब तक विपक्ष मजबूत नहीं होगा और कांग्रेस भी मजबूत नहीं होगी।

-**वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

कुछ खास



कांग्रेस हमारी वरिष्ठ साझेदार है। सभी को साथ लेकर चलना बड़े साझेदार की जिम्मेदारी है। यह जिम्मेदारी आप पर भी थी और चर्चा होनी चाहिए थी। अगर दोनों पार्टियां एक साथ बैठतीं, बातचीत करतीं और समझौता करतीं, तो बीजेपी जीत हासिल नहीं कर पाती।

-**संजय राउत**, शिवसेना (यूबीटी) सांसद

आज का ट्वीट



''इस समय अरविंद केजरीवाल दिल्ली की जनता को कोस रहे होंगे। हार के बाद भी वो कोई प्रायश्चित नहीं करेंगे। वो पुराने आंदोलनकारी नहीं बल्कि एक पॉलिटिशियन बन गए हैं।''

-**आशुतोष**

सामयिक

# काम के घंटे या काम की गुणवत्ता



**शाहीन सबा**

**कम घंटे काम कराने वाले देशों में भी उत्पादकता की दर बहुत ऊंची है। इसके विपरीत भारत सहित तृतीय विश्व कहलाने वाले एशियाई, अफ्रीकी, लैटिन अमेरिकी जैसे देशों में अभी भी कम सुविधाए देकर अधिक काम लेते हैं, परंतु उनके वेतनमान विकसित देशों की तुलना में बहुत कम हैं। असंगठित क्षेत्र की खराब हालत से तो सभी परिचित हैं।**

अभी हाल ही में लार्सन एंड टूबो के चेयरमैन एमएन सुब्रमण्यन के एक सप्ताह में 90 घंटे काम करने के बयान ने देश में एक बहस छेड़ दी है। इनसे पूर्व प्रमुख आईटी कंपनी इन्फोसिस के संस्थापक एनआर नारायणमूर्ति के द्वारा युवाओं को प्रतिदिन 14 घंटे और सप्ताह में साढ़े छह दिन काम करने की सलाहा की धमक अभी तक सुनाई दे रही है। काम के घंटों की इस बहस में महिंद्रा समूह के चेयरमैन, आनंद महिन्द्रा, आईटीसी के चेयरमैन संजीव पुरी और ओयो के संस्थापक रितेश अग्रवाल ने एक सीमा तक काम के घंटों के साथ उत्पादकता की बहस को संतुलित दिशा में मोड़ने का प्रयास किया है। इन सभी का सीधा से मतलब है कि यदि कोई 90 घंटे काम करके भी गुणवत्ता न प्रर्दिशत करे, तो ऐसे काम का कोई मतलब नहीं रह जाता है।

मैक्स हेल्थकेअर के ड़ाक्टर अंबरीश ने अपनी एक्स पोस्ट पर लिखा था कि युवाओं के लिए 70 घंटे का कार्यसप्ताह सिफारिश के तौर पर लागू नहीं किया जा सकता। युवाओं के लिए अपेक्षित अथवा अनिवार्य कार्य के घंटे प्रति सप्ताह 48 घंटों से अधिक नहीं होने चाहिए। बाल रोग विशेषज्ञ मनिनी का मानना है कि लंबे समय तक काम करने की संस्कृति बच्चों में ऑटिज्म को बढ़ा रही है। वह इसलिए क्योंकि माता पिता के कार्य के घंटे अधिक होने के कारण वे बच्चों के साथ वे स्वस्थ संवाद नहीं बना पा रहे हैं। दूसरे परिवारों के एकल हो जाने से परिवार और बच्चों के बीच संवाद की संस्कृति भी लुप्त होने के कगार पर है।



इस संदर्भ में डब्ल्यूएचओ ने साफ कहा है कि प्रति सप्ताह 35-40 घंटे काम करने की तुलना में 55 घंटों से अधिक काम करने से ब्रेन स्ट्रोक का खतरा 35 प्रतिशत और हृदयाघात का जोखिम 17 प्रतिशत अधिक होता है। 2021 में एनवायरमेंन्ट इंटरनेशनल में प्रकाशित शोध से जुड़े तथ्य बताते हैं कि लंबे समय तक काम करने के कारण 2016 में स्ट्रोक और इस्केमिक हृदय रोग से 7 लाख 45 हजार मौतें हुईं थीं। काम से जुड़े घंटों को लेकर जो अध्ययन हो रहे हैं उनसे साफ पता चलता है कि लोगों पर काम का बोझ केवल वयस्कों पर ही नहीं, बल्कि यह युवाओं को भी तनावग्रस्त बना रहा है। आज युवा काम की अधिकता के कारण काम और घर को अलग नहीं कर पा रहे हैं। इससे जुड़ा अध्ययन बताता है कि 41 फीसदी से ज्यादा भारतीय युवा घर और दफतर की जिम्मेदारियों के बीच बर्नआऊट अर्थात काम के तनाव के शिकार हैं। हार्वर्ड बिजनेस का एक समीक्षात्मक लेख बताता है कि 9 से 5 बजे तक का समय आपका पूरा जीवन नहीं है। ऑफिस के बाहर भी आपकी अपनी एक दुनिया है, जो आपको वास्तविक खुशी देती है। ऑफिस और घर के बीच संतुलन को लेकर आजकल सोशल मीड़िया पर फाइव टू नाइन और नाइन टू फाइव को लेकर कई अभियान चल रहे हैं, जो इसी बहस को विस्तार दे रहे हैं।

युवाओं को सप्ताह में 90 घंटे काम करने का सुझाव देते समय यह भी ध्यान रखना चाहिए कि यूरोप में जब मशीनी युग शुरू हुआ तो बड़े-बड़े जमीदारों ने मुनाफे को ध्यान में रखते हुए खेती के स्थान पर उद्योग लगा लिए। खेतीहर मजदूर भी कारखाने में मजदूरी करके नगद मुनाफा कमाने लगे। ज्यादा से ज्यादा जमींदार उद्योगपति बन गये और उनमें काम, मुनाफा और उत्पादन करने की भयंकर होड़ शुरू हो गई। मजदूरों पर काम का दबाव बढ़ा तो उद्योग मालिकों ने उनके लिए फैक्ट्री में ही घर बनवा दिए। उसी घर में उनको सभी सुविधाएं उपलब्ध करा दीं। इससे मजदूरों के काम के घंट बढ़ गए। उत्पादन करने की इतनी होड़ बढ़ी कि अब इन्हीं मकानों के कमरों में मजदूरों की बहुत संख्या बढ़ गई और सुविधाएं कम होती चली गईं। सप्ताह का इनका अवकाश भी समाप्त कर दिया गया। धीरे-धीरे उनके काम के घंटे आठ से बारह हो गए। घर की महिलायें भी काम करने लगीं। जीवन स्तर सुधरने की बजाय खराब होता गया। अधिकार सभी खत्म होते गए। वे मजदूर काम करते-करते कब मशीन बन गए, पता ही नहीं लगा। फैक्ट्री मालिक देश भक्ति की बुनियाद पर फ्रांस और इग्लैंड को मेहनत के साथ आगे ले जाने की बात करते रहे। परंतु मजदूर आखिर तक जान ही नहीं पाए कि आगे कौन जा रहा है।

निश्चित ही एमएन सुब्रमण्यन का बयान ऐसे समय में आया है जब विश्वभर में कर्मचारियों पर से काम का बोझ घटाने और उन्हें अपने परिवारजनों के साथ समय बिताने के लिए अधिक प्रेरित किया जा रहा है। आधुनिक कार्य संस्कृति और श्रेष्ठ प्रबंधन से जुड़े शोध बताते हैं कि संतुष्ट कर्मचारी अधिक उत्पादन करता है। तभी पूरी दुनिया में कर्मचारियों के आज काम के घंटे घटाते हुए अधिक सुविधाएं प्रदान करने की मुहिम चल रही है। तीसरी दुनिया के तानाशाही शासन प्रणाली वाले देशों को छोड़ दिया जाए तो आज दुनियाभर के लोगों में इतना अधिक काम लेने की परम्परा नहीं है। डेनमार्क, आस्ट्रिया, नार्वे व फिनलैंड़ जैसे देशों में अधिकतम 31 घंटे काम लिया जाता है और इन देशों की गिनती अधिक उत्पादकता वाले देशों में होती है। वहां सप्ताह में पांच दिन कार्य करने की परम्परा है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा तथा यूरोपीय देशों में अधिकतम 41 घंटे काम करने का चलन है। इन देशों में भी उत्पादकता की दर बहुत ऊंची है। इसके विपरीत भारत सहित तृतीय विश्व कहलाने वाले एशियाई, अफ्रीकी, लैटिन अमेरिकी जैसे देशों में अभी भी कम सुविधाए देकर अधिक काम लेते हैं, परंतु उनके वेतनमान विकसित देशों की तुलना में बहुत कम हैं। असंगठित क्षेत्र की खराब हालत से तो आप सभी पूर्व में परिचित ही है।

कहने की आवश्यकता नहीं कि यदि एमएन सुब्रमण्यन की सलाह मान भी ली जाए तो साप्ताहिक अवकाश को छोड़कर हर कर्मचारी को छह दिन में कम से कम 15 घंटे काम करना होगा। फिर बड़े-बड़े शहरों में कार्यस्थल तक पहुंचने के लिए आधा समय तो निकलना लाजिमी है। फिर घर परिवार व अपने लिए समय निकालना बहुत मुश्किल होगा। ऐसे में कर्मचारी अनेक प्रकार के दबाव झेलने के लिए मजबूर होगा। ऐसी स्थिति में वह कार्य की कितनी उत्पादकता दे पाएगा, यह प्रश्न विचारणीय है। फोर्टिस मेमोरियल इंस्टीट्यूट से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि अपनी जरुरतों को समझना सभी के लिए जरुरी है। अपने शौक व इच्छाओं को लगातार नकारकर काम करते रहना कार्यस्थल पर आपके प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। यह स्थिति आपको बर्नआऊट की स्थिति में पहुंचा सकती है। इसका परिणाम तनाव, चिड़चिड़ाहट, बात बात पर गुस्सा, झल्लाना व अकेलेपन जैसी शारीरिक व्याधियों के रूप में सामने आने की पूरी संभावनाएं हैं। ऐसे में परिवार के रिश्ते तो प्रभावित होगें ही, अपनी कार्य की उत्पादकता भी लगातार घटती जाएगी।

एमएन सुब्रमण्यन को पारिवारिक और पेशेवर जीवन के वर्कलाइफ संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ भारत की श्रम प्रकृति, परिवार की ताकत और वैश्विक आधार पर विकसित हो रहे काम के मानकों को ध्यान में रखते हुए अपने बयान पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। इस मशीनीकृत जीवन में मानव के साथ-साथ आज रोबोट को भी आराम की आवश्यकता है।

# दुनियाँ देखेगी जब मिल बैठ चर्चा करेंगे तो बॉस-फ्रांस अमेरिका यात्रा 10-14 फरवरी 2025

## एआई एक्शन समिट फ्रांस व ट्रंप से द्विपक्षीय वार्ता के दूरगामी सकारात्मक परिणाम आने की संभावना

**दुनियाँ में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा में फ्रांस अमेरिका यात्रा से एक और अध्याय जुड़ा- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**







**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर भारत के बढ़ते रुतबे व प्रतिष्ठा में एक और अध्याय जुड़ गया है,जब माननीय भारतीयपीएम ने एआई एक्शन समिट में आगाज हुआ। बता दें भारतीय पीएम 10 से 14 फरवरी 2025 को फ्रांस व अमेरिका के अधिकृत यात्रा पर हैं जिसमें 10 से 12 फ्रांस व 12 से 14 फरवरी 2025 तक अमेरिका यात्रा पर हैं, जहां वह डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे इस दौरे के दौरान,पीएमअमेरिकी बिजनेस लीडर्स और भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मिलेंगे। यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है जब अमेरिका ने हाल ही में 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को डिपोर्ट किया है, यह पीएम और ट्रंप की आठवीं मुलाकात होगी। इनकी पहली मुलाकात 26 जून 2017 को वॉशिंगटन में हुई थी, जबकि सातवीं मुलाकात 24-25 फरवरी 2020 को अहमदाबाद में हुई थी। उम्मीद है कि दोनों के बीच व्यापार और रक्षा सहयोग पर चर्चा महत्वपूर्ण होगी। दोनों देशों के बीच व्यापारिक मुद्दों पर व्यापक चर्चा बाद में होगी, हालांकि रक्षा सहयोग पर चर्चा से दोनों देशों के संबंधों को मजबूती मिलेगी। अमेरिका ने भारत से निष्पक्ष व्यापार संबंध बनाए रखने के लिए अमेरिकी निर्मित सुरक्षा उपकरण खरीदने की मांग की है। ट्रंप ने भारत पर दबाव डाला है कि वह अमेरिका से अधिक सुरक्षा उपकरण खरीदे हालांकि, ट्रंप ने कई मौकों पर भारतीय पीएम की प्रशंसा भी की है, जिससे यह उम्मीद बनती है कि दोनों देशों के बीच अनुकूल व्यापार समझौता हो सकता है।ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली अमेरिका यात्रा को पीएम ने द्विपक्षीय संबंधों की सफलताओं को आगे बढ़ाने का अवसर करार दिया। पीएम ने फ्रांस रवाना होने से पहले कहा कि इस यात्रा से प्रौद्योगिकी, व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन के क्षेत्रों सहित अमेरिका के साथ भारत की साझेदारी को और ऊपर उठाने और गहरा करने के लिए एक एजेंडा विकसित करने में भी मदद मिलेगी। फ्रांस में वे एआई एक्शन समिट की सह- अध्यक्षता करेंगे। वे फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने और अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का दौरा करने के लिए मार्सिले भी जाएंगे। फ्रांस के बाद वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर यूएसए की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे।चूँकि दुनियाँ में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा में फ्रांस अमेरिका यात्रा से एक और अध्याय जुड़ गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियाँ देखेगी जब बिल बैठे चर्चा करेंगे दो बॉस। साथियों बात अगर हम माननीय भारतीय पीएम की फ्रांस अमेरिका यात्रा पर रवाना होने पर पीएम के बयान की करें तो,उन्होंने कहा कि हम दोनों देशों के लोगों के पारस्परिक लाभ के लिए मिलकर काम करेंगे और दुनियाँ के लिए बेहतर भविष्य को आकार देंगे। उन्होंने कहा कि मैं अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक हूं। मेरे पास भारत और अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के निर्माण में उनके पहले कार्यकाल में एक साथ काम करने की बहुत अच्छी यादें हैं। वहीं,फ्रांस यात्रा को लेकर पीएम ने कहा कि वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर फ्रांस का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हैं। इसमें वे समावेशी, सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से नवाचार और व्यापक सार्वजनिक भलाई के लिए एआई प्रौद्योगिकी के सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत- फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए 2047 के रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा करने का अवसर भी होगी। साथ ही पीएम ने यह भी बताया कि मैं मजारगुएस युद्ध कब्रिस्तान में उन भारतीय सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करूंगा जिन्होंने प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा मैं अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा,वो विश्व के नेताओं और वैश्विक प्रौद्योगिकी सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) के एक सम्मेलन एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हैं, जहां वे समावेशी,सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से नवाचार एवं व्यापक सार्वजनिक कल्याण के लिए एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) प्रौद्योगिकी को लेकर सहयोगी दृष्टिकोण पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे पीएम ने कहा,दो देशों की मेरी यह यात्रा मेरे मित्र राष्ट्रपति मैक्रों के साथ भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए 2047 होराइजन रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी, वैश्विक कल्याण को लेकर ऊर्जा के दोहन से संबंधित इस विश्व संघ के फ्रांस और भारत सदस्य हैं।पीएम ने कहा,मैं प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मजारग्यूज वॉर सिमेट्री का भी दौरा करूंगा।पीएम ने अपनी यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा,अगले कुछ दिनों में मैं विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस और अमेरिका में रहूंगा। फ्रांस में मैं एआई एक्शन समिट में हिस्सा लूंगा, जहां भारत सह-अध्यक्ष है। मैं भारत-फ्रांस संबंधों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बातचीत करूंगा। हम वहां वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए मार्सिले भी जाएंगे।यह यात्रा भारत-अमेरिका की दोस्ती को मजबूत करेगी और विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देगी। मुझे प्रेसिडेंट ट्रंप के साथ उनके पहले कार्यकाल के दौरान काम करना अच्छी तरह याद है। मुझे यकीन है कि हमारी बातचीत उस समय की गई चचाओं पर आधारित होगी।वे 10 फरवरी को पेरिस पहुचे। शाम को राष्ट्रपति मैक्रों की ओर से एलिसी पैलेस में सरकार और राष्ट्राध्यक्षों के सम्मान में आयोजित डिनर में शामिल हुए।डिनर में तकनीकी क्षेत्र के कई सीईओ और शिखर सम्मेलन में आमंत्रित अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों के भी शामिल होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।पीएम की अमेरिका यात्रा अमेरिका से 100 से अधिक भारतीयों को अमानवीय तरीके से वापस भेजे जाने के मामले पर राजनीतिक विवाद के बीच हो रही है।पिछले सप्ताह एक विशेष ब्रीफिंग में विदेश सचिव ने कहा कि पीएम की यात्रा इस महत्वपूर्ण साझेदारी को और दिशा व गति प्रदान करेगी। विदेश सचिव ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के शपथ ग्रहण के कुछ सप्ताह बाद उनके निमंत्रण पर पीएम की अमेरिका यात्रा भारत-अमेरिका साझेदारी के महत्व और अमेरिका में इस साझेदारी को मिल रहे द्विदलीय समर्थन को भी दशार्ती है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि दुनियाँ देखेगी जब मिल बैठ चर्चा करेंगे तो बॉस-फ्रांस अमेरिका यात्रा 10-14 फरवरी 2025।एआई एक्शन समिट फ्रांस व ट्रंप से द्विपक्षीय वार्ता के दूरगामी सकारात्मक परिणाम आने की संभावना।दुनियाँ में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा में फ्रांस अमेरिका यात्रा से एक और अध्याय जुड़ा।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**
**9284141425**

तीखी नजर

# इश्क इंस्टेंट नूडल्स हो गया



वीना सिंह

फरवरी का महीना आते ही जैसे हवा में इश्क की खुमारी घुल जाती है। बाजारों में लाल-गुलाबी दिल उछल-कूद मचाने लगते हैं। फूलवाले से लेकर गिफ्ट शाप्स तक सबको मानो सांता क्लाज का रोल मिल गया हो, तोहफे बांटने का नहीं, बल्कि बेचने का। प्यार तो खैर साल भर चलता रहता है, लेकिन वैलेंटाइन डे के आते ही बाजार में इश्क की सेल लग जाती है। 'प्रेम खरीदिए, पर कीमत भारी भरकम चुकाइए।' इस दिन पर प्रेमियों की हालत ऐसी, जैसे प्रेम की नदी में डुबकी लगाने निकल पड़े हों। सुबह से लेकर रात तक हर गली, हर नुक्कड़ पर वैलेंटाइन डे का महाकाव्य लिखा जा रहा हो। हाथों में गुलाब लेकर इश्क फरमाते नौजवान सड़क किनारे ऐसे मंडराते हैं, जैसे 'हम आपके हैं कौन' की शूटिंग चल रही हो। और उनकी निगाहें? ऐसा लगता है जैसे दुश्मन देश के बॉर्डर पर नजर रखे हों। कोई प्रतिद्वंद्वी आगे न निकल जाए। प्रेमीजन कुछ भी समझने की स्थिति में नहीं होते वे यहां ऐसी दौड़ लगाते हैं, जैसे वैलेंटाइन डे, कोई राष्ट्रीय परीक्षा हो, और पहले पहुंचने वाला फर्स्ट डिवीजन ले जाएगा।

रोज डे से लेकर वैलेंटाइन डे तक का यह सफर किसी सात दिन लंबे त्यौहार जैसा होता है। हर दिन एक नई जिम्मेदारी। पर क्या करें प्यार भरा दिल क्या-क्या नहीं करता। वह जानता है यह प्यार नहीं आसां। फिर भी...गुलाब की कीमत सुनकर प्रेमियों का दिमाग भन्ना जाता है। मन में सवाल उठता है, कहीं किसान भाई सोने की खेती तो नहीं कर रहे? टेडी डे पर भालू लाओ तो मानो जेब का दिवाला ही निकल जाता है। लगता है, टेडी नहीं, असली पांडा पकड़ लाए हैं। चॉकलेट की इतनी कीमत कि लगता है मानो कोको पाउडर नहीं सोने का पाउडर खरीद रहे हों।

चारों तरफ दिल के आकार के तकिए, भालू और 'तुमसे प्यार है' लिखे कार्ड ऐसे घेर लेते हैं मानो बिना तोहफे के प्यार अमान्य हो जाएगा। प्यार पाना है तो जेब ढीली करनी ही है। जेब में पैसे न होने पर नए-नए प्रेमी ऊपर देखकर कहते हैं, 'प्यार महंगा होता जा रहा है, भगवान!' कुछ तो दिल के हाथों मजबूर होकर कर्ज तक ले लेते हैं। प्यार में तो डूबे ही रहते हैं, पर उधारी में भी गोते लगाने लगते हैं। असली प्यार तो सोशल मीडिया पर दिखता है। 'जान' तुम मेरी जिंदगी हो, जैसी घोषणाएं हर दीवार पर लटक रही होती हैं। इंस्टाग्राम की कहानियां भरी रहती हैं 'हमेशा साथ रहेंगे' वाले संदेशों से। और दो दिन बाद वही कहानी बदल जाती है, 'अब हम दोनों अलग राह पर हैं, पर दोस्ती बरकरार है।' मतलब, मोहब्बत इंस्टेंट नूडल्स की तरह हो गई है, दोपहर में उबालो, शाम को खा लो, और रात को भूल जाओ। अब प्यार हो या व्यापार, सबसे ज्यादा फायदा तो मिठाई वाले, फूलवाले और तोहफा बेचने वाले को ही होता है। मैं तो कहती हूं प्यार करो, लेकिन जरा संभलकर। कहीं ऐसा न हो कि प्यार की यह गुलाबी खुमारी आपके पर्स को लाल कर दे और महीने के आखिरी दिनों में आपकी जेब, रिश्तों की तरह खाली हो जाए।

## सार संक्षेप

### स्पेशल ओलंपिक में पदक जीतने वाले एथलीटों को मिलेगा नगद पुरस्कार

**नई दिल्ली** : स्पेशल ओलंपिक भारत (एसओ भारत) की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने विश्व खेलों में पदक जीतने वाले बौद्धिक दिव्यांग एथलीटों के लिए नकद पुरस्कार आवंटित करने के युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) के फैसले का स्वागत किया। डॉ. नड्डा ने युवा मामले एवं खेल मंत्रालय को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह भारतीय खेल संस्कृति को और अधिक समावेशी बनाने की दिशा में एक आवश्यक कदम है। ये पुरस्कार न केवल एथलीटों को उनके वित्तीय मामलों में मदद करने का एक तरीका है, बल्कि एक प्रेरणा उपकरण के रूप में भी काम करते हैं, जो बौद्धिक और विकासात्मक दिव्यांग एथलीटों को खेल जगत का हिस्सा बनने और अपने जीवन को फिर से परिभाषित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे के अति आभारी हैं। उन्होंने कहा कि हमारे एथलीटों के प्रयासों, कड़ी मेहनत और उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की खडसे (राज्य मंत्री) को धन्यवाद। गत 31 जनवरी को जारी अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में पदक विजेताओं और उनके प्रशिक्षकों को नकद पुरस्कार की योजना के नवीनतम संशोधन के अनुसार, नकद पुरस्कार योजना चार साल में एक बार आयोजित होने वाले आयोजनों के लिए लागू होगी। अब चार वर्ष बाद होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीटों को 20-20 लाख रुपये दिए जाएंगे। जबकि रजत और कांस्य पदक विजेताओं को क्रमशः 14 लाख रुपये और आठ लाख रुपये दिए जाएंगे।

### चीन ने फ्रीस्टाइल स्कीइंग मिश्रित टीम एरियल्स स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**हार्बिन (चीन)** : एशियाई शीतकालीन खेलों में फ्रीस्टाइल स्कीइंग मिश्रित टीम एरियल्स स्पर्धा में चीन ने सोमवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए 305.64 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। यहां हुए मुकाबले में कजाकिस्तान ने 235.39 अंकों के साथ रजत तथा जापान ने 191.28 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। चीन ने ओलंपिक चैंपियन जू मेंगताओ और क्यू गुआंगपु के साथ ली शिनपेंग सहित कई स्टार खिलाड़ियों को मैदान में उतारा था। चीन के तीनों एथलीटों ने बिना किसी बड़ी गलती के लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए कजाकिस्तान पर शानदार जीत हासिल की। खेलों में अपना दूसरा स्वर्ण जीतने वाली जू ने कहा कि कल की व्यक्तिगत स्पर्धा की तुलना में मेरे साथ टीम के साथी होने से मुझे अधिक आराम महसूस हुआ। जू मेंगताओ मंगलवार को होने वाली महिला एरियल सिंक्रो स्पर्धा में तीसरे खिताब के लिए र्स्पधा करेंगी।

### हॉकी टूर्नामेंट : श्याम लाल कॉलेज ने जीता टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच

**नई दिल्ली** : मेजबान श्याम लाल कॉलेज ने सोमवार को इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस को 4-2 से हरा कर 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल आमंत्रण हॉकी टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में जीत के साथ शुरुआत की। यहां श्यामलाल कॉलेज के मैदान में आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय में डीन प्रोफेसर बालाराम पाणि और पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद ने 10 से 17 फरवरी तक चलने वाले टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद ने कहा कि श्याम लाल कॉलेज के साथ मेरा 50 वर्ष का नाता है। मुझे बहुत खुशी होती है कि हॉकी सहित अनेक खेलों को यहां खूब बढ़ावा दिया जा रहा है। मेरा दिल कर रहा है कि हॉकी स्टिक लेकर मैदान में उतर जाऊं। सुबह हुए पहले मुकाबले में श्याम लाल टीम की तरफ से प्रवीण ने दो गोल कर 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता। विजयी टीम के लिए ललित और मोहित ने भी एक-एक गोल किए। पराजित टीम की ओर से पुलकित ने दो गोल किए।

### डोगरा और वधावन की नाबाद पारियों ने जम्मू-कश्मीर की पारी को संभाला

**पुणे** : कप्तान पारस डोगरा (नाबाद 73) और कन्हैया वधावन (नाबाद 42) रनों की शानदार पारियों की मदद से जम्मू कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी के पहले क्वार्टर फाइनल में सोमवार को दूसरी पारी में तीन विकेट पर 180 रन बना लिये है। केरल ने रविवार के नौ विकेट पर 200 रन से आगे खेलना शुरु किया। सोमवार सलमान निजर और बेसिल थंपी की जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए नौवें विकेट के लिए 81 रन जोड़ते हुए अपनी टीम को एक रन की मामूली बढ़त दिला दी। इस दौरान सलमान निजर ने अपना शतक पूरा किया। आकिब नबी ने बेसिल थंपी (15) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। सलमान निजर 172 गेंदों में 12 चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 112) रन बनाये। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी जम्मू-कश्मीर की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

# राष्ट्रीय खेल : महाराष्ट्र की पुरुष-महिला टीम सेमीफाइनल में




देहरादून

**38वें** राष्ट्रीय खेल में हॉकी स्पर्धा के ग्रुप चरण के मुकाबले समाप्त हो गए हैं और पुरुष एवं महिला वर्ग की चार-चार सेमीफाइनलिस्ट टीमें तय हो गई हैं।

हरियाणा महिला टीम ने ओडिशा को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। हरियाणा के लिए कप्तान रानी (30', 53') और महिमा चौधरी (45') ने गोल किए, जबकि ओडिशा की ओर से डीपी मोनिका टोप्पो (21') और अनुपा बरला (35') ने गोल दागे। महाराष्ट्र ने मणिपुर को 2-1 से हराया। महाराष्ट्र के लिए मोनिका टिकरे (17') और तनुश्री दिनेश काडू (29') ने गोल किए, जबकि मणिपुर की ओर से लिली चानू मायेंगबम (49') ने गोल किया। झारखंड ने मिजोरम को 4-3 से हराकर पूल बी में पहला स्थान प्राप्त किया। झारखंड के लिए कप्तान अलबेला रानी टोप्पो (33'), होरो संजना (40'), दीप्ति टोप्पो (43') और रोशनी ऐंद (50') ने गोल किए। मिजोरम की ओर से मरीना लालरामनघाकी हमार (10, 56') और लालरुआटफेली (53') ने गोल किए। पंजाब ने ओडिशा को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पंजाब के लिए प्रदीप सिंह (10') और उज्जवल सिंह (51', पेनल्टी स्ट्रोक) ने गोल किए, जबकि ओडिशा के कप्तान दिप्सान तिर्की (29', पेनल्टी कॉर्नर) ने एकमात्र गोल किया। महाराष्ट्र ने हरियाणा को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। महाराष्ट्र के लिए वेंकटेश केंचे (49') और कप्तान देविंदर सुनील वाल्मीकि (57') ने गोल किए। उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु को 3-1 से हराया। यूपी के लिए गोपी कुमार सोनकर (11'), शारदानंद तिवारी (15') और अरुण राहानी (23') ने गोल किए, जबकि तमिलनाडु के कप्तान कार्थी सेल्वम (9') ने एकमात्र गोल किया।

### जूडो के पहले दिन उत्तराखंड ने चार वर्गों में जीते दो पदक

38वें राष्ट्रीय खेल में जूडो प्रतियोगिताओं की शुरूआत शानदार रही, जिसमें देशभर के खिलाड़ियों ने अपने कौशल और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। मेजबान राज्य उत्तराखंड ने भी जोरदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न भार वर्गों में पदक हासिल किए। उत्तर प्रदेश की अस्मिता डे ने शानदार तकनीक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महाराष्ट्र की आकांक्षा शिंदे ने रजत पदक जीता, जबकि उत्तर प्रदेश की अंतिम यादव और पंजाब की पल्लवी को कांस्य पदक मिला। उत्तराखंड के सिद्धार्थ रावत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के लक्की ने रजत पदक हासिल किया, जबकि हरियाणा के अजय और उत्तर प्रदेश के मनी शर्मा को कांस्य पदक मिला। गुजरात के रोहित ने स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के गर्वित ने रजत पदक प्राप्त किया, जबकि उत्तराखंड के आयुष मावरी और दिल्ली के अभिजीत मलिक ने कांस्य पदक हासिल किया। महाराष्ट्र की श्रद्धा चोपड़े ने स्वर्ण पदक जीता। गुजरात की महेरुके मकवाना ने रजत पदक हासिल किया, जबकि छत्तीसगढ़ की मेहक सिंह और मणिपुर की मतुलेइबी ने कांस्य पदक जीता। सर्विसेज के अरुण कुमार ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। उत्तराखंड के प्रदीप रावत ने रजत पदक जीता, जबकि अरुणाचल प्रदेश के कामडोन बाई और गुजरात के विपुल चौधरी ने कांस्य पदक हासिल किया। हरियाणा की अंकिता ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि गुजरात की शाहिन दरजादा ने रजत पदक पर कब्जा किया। मणिपुर की अनिता चानू और कर्नाटक की समता राणे ने कांस्य पदक जीता। जैसे-जैसे जूडो मुकाबले आगे बढ़ रहे हैं, खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और राष्ट्रीय खेलों की प्रतिस्पर्धा को और रोमांचक बना रहे हैं। दर्शक अगले दौर के मुकाबलों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### कर्नाटक और गुजरात की जोड़ी ने जीते स्वर्ण पदक

राष्ट्रीय खेल की टेनिस स्पर्धा में उबलते फाइनल मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस प्रतियोगिता ने न केवल खिलाड़ियों की उत्कृष्ट प्रतिभा को उजागर किया बल्कि क्षेत्र में टेनिस की बढ़ती लोकप्रियता को भी दशार्या। कर्नाटक के प्रज्वल देव और निक्की के पूनाचा की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्विसेज के इशक इकबाल और फैजल कमर को 6-3, 6-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। पूरे मैच के दौरान उनका आपसी समझ और बेहतरीन तालमेल देखने को मिला, जिसने उन्हें एकतरफा जीत दिलाई। गुजरात की वैदेही चौधरी और झील देसाई की जोड़ी ने जबरदस्त खेल दिखाया और महाराष्ट्र की पूजा इंगले और आकांक्षा निदुरे को 6-3, 6-2 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। उनका आक्रामक खेल और समन्वय विपक्षी जोड़ी के लिए भारी पड़ा। गुजरात के देव वी जाविया ने तमिलनाडु के मनीष सुरेशकुमार को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, सर्विसेज के इशक इकबाल ने कर्नाटक के प्रज्वल देव के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 6-7(4), 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। महिला सिंगल्स में वैदेही चौधरी ने महाराष्ट्र की आकांक्षा निटुरे को 6-2, 6-0 से हराकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। दूसरे सेमीफाइनल में महाराष्ट्र की वैष्णवी अडकर ने अमोदिनी नाइक के रिटायर होने के कारण फाइनल में जगह बनाई। इस चैंपियनशिप ने न केवल खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा का मंच प्रदान किया बल्कि क्षेत्र के युवा टेनिस खिलाड़ियों को भी प्रेरित किया। टेनिस को नई ऊंचाइयां मिलने की उम्मीद है।




# ओसीए के खिलाफ नोटिस जारी सरकार ने 10 दिन में जवाब मांगा

● कटक, वार्ता

**ओडिशा** क्रिकेट एसोसिएशन (ओसीए) के खिलाफ ओडिशा सरकार ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस भारत बनाम इंग्लैंड दूसरे वनडे में 30 मिनट फ्लडलाइट्स के फेल हो जाने पर जारी किया गया है। सोमवार को ओडिशा सरकार के स्पोर्ट्स डायरेक्टर सिद्धार्थ दास ने नोटिस में कहा कि ओसीए को स्टेडियम में 30 मिनट तक लाइट जाने को लेकर उन व्यक्तियों/एजेंसियों की पहचान करने का निर्देश दिया गया है जो इसके लिए जिम्मेदार थे और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए उपाय जारी किए जाए। दूसरे वनडे में भारत ने इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया था।

कटक स्टेडियम के 6 लाइट टॉवर में से 1 की लाइट चली गई थी। ओडिशा क्रिकेट से सरकार ने 10 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। नोटिस में लिखा गया कि इस घटना के कारण मैच 30 मिनट के लिए रोकना पड़ा, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों को असुविधा हुई। ओसीए एसोसिएशन में अभी कोई अध्यक्ष नहीं हैं। नोटिस, ओसीए सचिव संजय बेहरा को जारी किया गया है। वे ओडिशा के पूर्व खिलाड़ी हैं। संजय रविवार में मैच के पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में मौजूद थे। लाइट जाने के बाद प्लेयर्स और अंपायर को बाहर जाना पड़ा था।

### दूसरे वनडे में फ्लडलाइट्स की वजह से 30 मिनट खेल रुका था

कटक वनडे के समय ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांजी भी मौजूद थे और सरकार ने लाइट फेल होने को गंभीरता से लिया है। राज्य सरकार के अधिकारी दास ने क्रिकबज को मेल के बारे में बताया कि मैंने मेल स्वयं पढ़ा है। हमने ओसीए से ब्रेकडाउन का कारण और इसमें वे क्या कार्रवाई करेंगे इस बारे में जानकारी मांगी हैं। भारत की बैटिंग के दौरान 7वें ओवर में फ्लडलाइट बंद हो जाने के कारण खेल को रोका गया था। जब छह टावरों में से एक की फ्लडलाइट खराब हो गई। यहां पहले स्टेडियम की लाइट बंद हुई और कुछ ही पल में चालू हो गई। हालांकि, जैसे ही प्लेयर्स बैटिंग करने वापस गए, फिर से लाइट चली गई। फैंस ने मोबाइल की फ्लैश लाइट चालू कर दी।

# आयरलैंड ने जीती टेस्ट सीरीज

### आयरलैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच में जिम्बाब्वे को 63 रनों से हराया, चमके कप्तान

**बुलावायो, वार्ता** : कप्तान एंडी मैकब्राइन (नाबाद 90 और 66 रन), मार्क अडायर (78) मैथ्यू हम्फ्रीज (छह विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत आयरलैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच में जिम्बाब्वे को 63 रनों से हरा दिया है।

जिम्बाब्वे ने रविवार के सात विकेट पर 187 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सोमवार को टेस्ट मैच के पांचवें दिन सुबह के सत्र में न्याशा मायावो (आठ) के रूप में जिम्बाब्वे का आठवां विकेट गिरा। उन्हें हम्फ्रीज ने आउट किया। इसके बाद शतक की ओर बढ़ रहे वेस्ली मैधेवेरे (84) को भी हम्फ्रीज ने अपना शिकार बना लिया। 87वें ओवर में एंडी मैकब्राइन ने रिचर्ड न्गारावा (14) को बोल्ड कर जिम्बाब्वे की दूसरी पारी का अंत करते हुए मुकाबला 63 रनों से जीत लिया। आयरलैंड की ओर से मैथ्यू हम्फ्रीज ने 28 ओवरों में 57 रन देकर छह विकेट लिये। बैरी मैकार्थी को दो विकेट मिले। मार्क अडायर और एंडी मैकब्राइन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आयरलैंड ने अपनी पहली पारी में एंडी मैकब्राइन (नाबाद 90) और मार्क अडायर (78) की शानदार पारियों की मदद से 260 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजरबानी ने 58 रन देकर सात विकेट लिये थे। रिचर्ड न्गारावा को दो विकेट मिले थे। ट्रेवर ग्वांडू ने एक बल्लेबाज को आउट किया था। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे ने निक वेल्च (90) और ब्लेसिंग मुजरबानी (47) रनों की पारियों की बदौलत 267 रनों का स्कोर खड़ा कर सात रनों की बढ़त ले ली थी। आयरलैंड के लिए बैरी मैकार्थी ने चार, एंडी मैकब्राइन ने तीन और मार्क अडायर ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।




# मैथ्यू पर केन विलियमसन का शतक भारी

## त्रिकोणीय सीरीज : न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराया

● लाहौर, वार्ता

**केन** विलियमसन (नाबाद 133) की शतकीय और डेवन कॉन्वे (97) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने त्रिकोणी सीरीज के दूसरे मुकाबले में सोमवार को दक्षिण अफ्रीका को आठ गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया है।

दक्षिण अफ्रीका के 304 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 10वें ओवर में विल यंग (19) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केन विलियमसन ने डेवन कॉन्वे के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 187 रनों की साझेदारी हुई। शतक की ओर बढ़े डेवन कॉन्वे (97) को जूनियर डल ने आउटकर पवेलियन भेजकर न्यूजीलैंड को बड़ा झटका दिया। इसके बाद डैरिल मिचेल (10) और टॉम लेथम (शून्य) के रूप में न्यूजीलैंड ने दो विकेट गवां दिये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ग्लेन फिलिप्स ने केन विलियमसन के साथ मोर्चा संभाला और टीम को




जीत की ओर ले गये। न्यूजीलैंड ने 48.4 ओवर में 308 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। केन विलियमसन ने 113 गेंदों में 13 चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 133) रनों की पारी खेली। वही ग्लेन फिलिप्स ने 32 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से (नाबाद 29) रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एस मुथुसामी ने दो विकेट लिये। जूनियर डल और ईथन बॉश ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मैथ्यू ब्रीत्जके (150) की शतकीय और वियान मुल्डर (64) अर्धशतकीय पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को जीत के लिए 305 रनों का लक्ष्य दिया था। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने आठवें ही ओवर में कप्तान तेम्बा बवूमा (20) रन का विकेट गवां दिया। उन्हें विलियम ओरूर्क ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जेसन स्मिथ ने मैथ्यू ब्रीत्जके के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी हुई। 25वें ओवर में जेसन स्मिथ (41) के रनआउट होने से यह साझेदारी टूटी। काइल वेरेन (एक) रन बनाकर आउट हुये। 46वें ओवर में मैट हेनरी ने मैथ्यू ब्रीत्जके को ब्रेसवेल के हाथों कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड को चौथी सफलता दिलाई। मैथ्यूज ब्रीत्जके ने 148 गेंदों में 11 चौके और पांच छक्के लगाते हुए (150) रनों की पारी खेली। वियान मुल्डर ने 60 गेंदों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 64 रन बनाये। सेनुरन मुथुसामी (दो) रन बनाकर आउट हुये। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 304 रनों का स्कोर खड़ा किया।

# चैंपियंस ट्रॉफी में बुमराह के खेलने पर आज होगा फैसला

● मुंबई, वार्ता

**भारतीय** क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने को लेकर मंगलवार को फैसला करेगा।

बुमराह की फिटनेस को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। बुमराह ने हाल ही में बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी पीठ का स्कैन कराया है। अब बीसीसीआई का चिकित्सा दल चयनकर्ताओं और भारतीय टीम प्रबंधन के साथ बात कर बुमराह के चैंपियंस ट्रॉफी मे खेलने को लेकर आज अंतिम निर्णय लेगा। उल्लेखनीय है कि बुमराह को 18 जनवरी को घोषित चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम में शामिल किया गया था, लेकिन वह इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में नहीं खेल सके। बुमराह ने आखिरी मैच जनवरी की शुरुआत में सिडनी टेस्ट के दौरान खेला था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में वह गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। उन्हें पीठ में जकड़न की शिकायत थी। जिसके बाद उन्हें पांच हफ्ते का आराम दिया गया था।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)